

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 डेविड वॉर्नर को बड़ी राहत, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कप्तानी करने..........

देश के सभी पंचायतों को मौसम विभाग से जोड़े पर बोले ललन.......... 12

वर्ष : 15 | अंक : 193 | नई दिल्ली, शनिवार, 26 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# दूरदराज क्षेत्रों के लोगों के कल्याण के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है : मुर्मू

रायपुर, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने मौजूदा दौर में मानव जीवन पर ऐसी तकनीकों के तेजी से हो रहे प्रभाव का भी हवाला दिया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि चिकित्सा पेशेवरों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि उनके फैसले जीवन रक्षा से जुड़े होते हैं। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि चिकित्सा क्षेत्र के पेशेवर 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिसमें आधुनिकतम तकनीक हमारे जीवन को बहुत तेज गति से प्रभावित कर रही है। सुदूर क्षेत्रों के लोगों के कल्याण के लिए इन आधुनिकतम तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ह्ययह हर्ष की बात है कि एम्स-रायपुर इस दिशा में प्रयासरत है। मुझे बताया गया है कि एम्स-रायपुर कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) द्वारा संचालित क्लीनिकल डिसीजन सपोर्ट सिस्टम पर काम कर रहा है। इसके माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों के डॉक्टरों को आपातकालीन परिस्थितियों में रियल टाइम मदद प्रदान की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा, एम्स-रायपुर द्वारा किए जा रहे इन कार्यों से सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार होगा तथा नागरिकों का जीवन बेहतर होगा। मुझे आशा है कि आने वाले समय में यह संस्थान जनहित के कार्यों में और विस्तार करेगा। देश में पिछले 10 वर्षों में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस दौरान सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, देश के सभी नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए भारत सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। पिछले एक दशक में, देशवासियों को यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज प्रदान



करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक भी लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो रही हैं। पिछले दस वर्षों में मेडिकल कॉलेज और एमबीबीएस तथा स्नातकोत्तर की सीटों में भी बढ़ोतरी हुई है। नए एम्स भी स्थापित किए गए हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, हमने वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। आपकी पीढ़ी के द्वारा किए गए कार्य इस राष्ट्रीय संकल्प को सिद्ध करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। आपको वंचित वर्गों की सेवा के कार्य को प्राथमिकता देनी है। जो लोग साधन सम्पन्न होते हैं उनके पास अनेक विकल्प हो सकते हैं। लेकिन, वंचित वर्ग के लोगों की आशाएं आप पर ही टिकी होती हैं। इसलिए मेरी आपको सलाह है कि सभी लोगों की, विशेषकर असहाय लोगों की, सेवा में आप हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने कहा, एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से शिक्षा प्राप्त करना सौभाग्य की बात है। यहां से शिक्षा प्राप्त करके आपकी प्रतिभा और विकसित हुई होगी। चिकित्सा पेशेवरों का कार्य अत्यंत जिम्मेदारी भरा है। आपके निर्णय अनेक बार जीवन रक्षा से जुड़े हुए होते हैं। मैं समझती हूं कि आपको इस जिम्मेदारी का बोध है तथा अपने उत्तर-दायित्वों का निर्वाह आप पूरी तन्मयता एवं क्षमता से करेंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल-प्रियंका ने जवानों की शहादत पर जताया शोक

नई दिल्ली,। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सेना के वाहन पर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री गांधी ने कहा जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सेना के वाहन पर हुए कायराना हमले में हमारे वीर जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। हमले में दो पोर्टर्स ने भी अपनी जान गंवा दी। शहीदों को नमन करता हूं और सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। केंद्र सरकार की नीतियां जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और शांति स्थापित करने में पूरी तरह से विफल रही हैं। उनके दावों के विपरीत, हकीकत यह है कि प्रदेश निरंतर आतंकवादी गतिविधियों, हमारे जवानों पर हमलों और नागरिकों की लक्षित हत्याओं के कारण खतरे के साए में जी रहा है।

# भारत-जर्मनी वार्ता: श्रम-रोजगार और संवेदनशील सूचनाओं के आदान-प्रदान पर बनी सहमति

## प्रधानमंत्री मोदी बोले, हमारी साझेदारी स्पष्ट और भविष्य उज्ज्वल

- जर्मन चांसलर, भारत दक्षिण एशिया में स्थिरता का आधार

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और जर्मनी के बीच शुक्रवार को अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) पर सातवीं बैठक हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच संवेदनशील सूचना के आदान-प्रदान, ग्रीन हाइड्रोजन, नवाचार-प्रौद्योगिकी, श्रम-रोजगार, कौशल विकास-व्यावसायिक शिक्षा और हरित शहरी गतिशीलता संबंधित आठ प्रमुख विषयों पर सहमति बनी। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ बैठक की सह अध्यक्षता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों का बढ़ता सहयोग आपसी विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी साझेदारी में स्पष्टता है और इसका भविष्य उज्ज्वल है। वहीं, जर्मन चांसलर स्कोल्ज ने कहा कि जर्मनी चिकित्सा, देखभाल और आईटी क्षेत्र में भारत से और अधिक कुशल श्रमिक चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर स्कोल्ज ने शुक्रवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के 7वें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) की सह अध्यक्षता की। 2011 में लॉन्च किया गया आईजीसी



ढांचा, विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान और सहयोग की व्यापक समीक्षा की अनुमति देता है। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर सहित अन्य मंत्री भी शामिल रहे। दोनों नेताओं ने बाद में संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया और भारत और जर्मनी के बीच हुए करारों के आदान-प्रदान के साक्षी बने। भारत और जर्मनी के बीच आज आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि (एमएलएटी) तथा संवेदनशील सूचना के आदान-प्रदान और पारस्परिक संरक्षण पर समझौता हुआ है। दोनों देशों के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तथा नवाचार और प्रौद्योगिकी पर रोडमैप तैयार हुआ। दोनों देशों ने रोजगार और श्रम के क्षेत्र में उन्नत सामग्रियों पर अनुसंधान और विकास में संयुक्त सहयोग तथा भारत-जर्मनी हरित शहरी गतिशीलता भागीदारी पर आशय संबंधी संयुक्त घोषणा की। साथ ही कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन हुआ है। अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की युवा शक्ति जर्मनी की समृद्धि और विकास में योगदान दे रही है। हम भारत के लिए जर्मनी की कुशल श्रम रणनीतियों का स्वागत करते हैं। रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। संवेदनशील सूचनाओं की पारस्परिक सुरक्षा पर समझौता इस दिशा में एक नया कदम है। आज संपन्न पारस्परिक विधिक सहायता संधि आतंकवाद और अलगाववादी तत्वों से निपटने के हमारे संयुक्त प्रयासों को मजबूत करेगी। दोनों देशों के बीच आज संवेदनशील जानकारी की पारस्परिक सुरक्षा संबंधी समझौता हुआ। इंडो-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप को मंजूरी मिली। रोजगार और श्रम से जुड़े समझ की संयुक्त घोषणा सहित भारत-जर्मनी के बीच उन्नत सामग्रियों पर अनुसंधान और विकास संबंधी करार हुए। वार्ता में दोनों नेता हिन्द प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत स्वतंत्र आवाजाही और नियम आधारित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर एकमत रहे। उन्होंने माना कि 20वीं सदी में बनाये गए ग्लोबल फोरम 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में इनका जिक्र करते हुए एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सहित अन्य बहुपक्षीय संस्थानों में रिफॉर्म्स की आवश्यकता पर बल दिया। यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर दोनों नेताओं ने चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का हमेशा से मत रहा है कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता और शांति की बहाली के लिए भारत हरसंभव योगदान देने के लिए देने के लिए तैयार है। इस दौरान इनोवेशन एंड टेक्नॉलजी रोडमैप लॉन्च किया गया। प्रधानमंत्री ने बताया कि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, कौशल विकास और नवाचार में संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण पर भी सहमति बनी है। इससे आर्टिफिशियल इंस्टीट्यूट, सेमीकंडक्टर और क्लीन ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बल मिलेगा। जर्मनी की ह्लफोकस ऑन इंडियाह्व स्ट्रेटेजी के लिए प्रधानमंत्री ने चांसलर शोल्ज का अभिनन्दन किया और कहा कि इसमें विश्व के दो बड़े लोकतंत्रों के बीच पार्टनरशिप को व्यापक तरीके से आधुनिक और उन्नयन करने का ब्लू प्रिन्ट है। जर्मन चांसलर ने भारत को दक्षिण एशिया में स्थिरता का आधार बताया और कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था दबाव में आ गई है। उन्होंने सभी पक्षों (रूस और यूक्रेन) के साथ विश्वसनीय संबंध बनाने और संघर्ष के राजनीतिक समाधान में योगदान देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तत्परता का उल्लेख किया। चांसलर ने कहा कि जर्मनी चिकित्सा, देखभाल और आईटी क्षेत्र में भारत से और अधिक कुशल श्रमिक चाहता है। इस उद्देश्य के लिए भारत के साथ एक विशिष्ट देश-विशिष्ट एजेंडा विकसित किया है जिसे हमने नई दिल्ली में अपने सहयोगियों के सामने प्रस्तुत किया है। यह इस तरह का पहला देश-विशिष्ट एजेंडा है और कुशल श्रम पर हमारी रणनीति की रूपरेखा दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भारत हरित हाइड्रोजन का वैश्विक केंद्र बनने के लिए तैयार है। जर्मन सरकार और जर्मन कंपनियाँ इस सफलता की कहानी का हिस्सा बनना चाहेंगी।

# ज्ञानवापी परिसर का एएसआई से अतिरिक्त सर्वे कराने का प्रार्थना पत्र खारिज



- अदालत ने शुक्रवार को ज्ञानवापी में एएसआई से अतिरिक्त सर्वे कराने के प्रार्थना पत्र को निरस्त किया

वाराणसी, एजेंसी

वाराणसी। ज्ञानवापी में नए मंदिर के निर्माण और हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने को लेकर 1991 में दाखिल मुकदमे में वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी का प्रार्थना पत्र सिविल कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक) युगल शंभू की अदालत ने शुक्रवार को ज्ञानवापी में एएसआई से अतिरिक्त सर्वे कराने के प्रार्थना पत्र को निरस्त किया है। मंदिर परिसर के चप्पे-चप्पे का सर्वे हो: हिंदू पक्ष हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने आदेश के बाद कहा की सिविल कोर्ट ने मांग को खारिज कर दिया है और आदेश भी आ गया है। हम इस आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण के लिए जिला अदालत में जाएंगे। ज्ञानवापी में लगभग सभी क्षेत्रों का एएसआई सर्वेक्षण पूरा हो गया है, लेकिन कुछ जगहों का सर्वेक्षण बाकी है, जहां मशीनें नहीं पहुंच सकीं हैं। लिहाजा एक अतिरिक्त सर्वेक्षण की मांग की गई थी। चतुर्वेदी ने कहा कि हम सिविल कोर्ट जाएंगे और जहां सर्वेक्षण नहीं हुआ है वहां कराने की मांग की जाएगी। हम सुनिश्चित करेंगे कि मंदिर परिसर के चप्पे-चप्पे का सर्वे हो। यह आदेश हमारे लिए कोई नकारात्मक नहीं है, हम पहले ही सारे सबूत पेश कर चुके हैं। जिला कोर्ट है और उसके बाद हाई कोर्ट है। हमारे लिए अभी सारे रास्ते खुले हैं। बता दें कि वादमित्र ने ज्ञानवापी में एएसआई से अतिरिक्त सर्वे कराने की अपील करते हुए सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्टट्रैक) की अदालत में सात फरवरी 2024 को प्रार्थना पत्र दिया था। इस प्रार्थना पत्र पर वादमित्र और प्रतिवादी अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद व उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश के लिए 25 अक्टूबर की तिथि तय की थी।

# गुलमर्ग आतंकवादी हमला: दो सैनिक शहीद, मृतकों की संख्या बढ़कर चार हुई

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बृहस्पतिवार को किए गए आतंकवादी हमले में गंभीर रूप से घायल हुए दो जवानों ने दम तोड़ दिया और इसके साथ ही इस हमले में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। सैन्य बल के साथ काम करने वाले दो कुलियों की बृहस्पतिवार को मौत हो गई थी और तीन सैनिकों सहित चार लोग घायल हुए थे जिनमें से दो सैनिकों ने बाद में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग से छह किलोमीटर दूर आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर हमला दिया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार शाम को बूटापथरी इलाके में सेना के वाहन पर तब गोलीबारी की जब वह अफरावत रेंज में नागिन चौकी की ओर जा रहा था। अधिकारियों ने दो कुलियों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा था कि घायल जवानों में से दो की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में सवार जवानों ने हमला होने के बाद जवाबी गोलीबारी की। अधिकारियों ने कहा कि यह क्षेत्र पूरी तरह से सेना के कब्जे में है और अतीत में ऐसी खबरें आई थीं कि एक आतंकवादी समूह ने गर्मियों की शुरूआत में घुसपैठ की थी और यह अफरावत रेंज के ऊंचे इलाकों में छिपा था। बूटापथरी क्षेत्र को हाल में पर्यटकों के लिए खोला गया था। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि घाटी में हालिया हमले गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यउत्तरी कश्मीर के बूटापथरी क्षेत्र में सेना के वाहनों पर हमले की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण खबर है, जिसमें कुछ लोग हताहत हुए हैं। कश्मीर में हालिया हमले गंभीर चिंता का विषय हैं। अब्दुल्ला ने कहा, मैं इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं और जान गंवाने वाले लोगों के प्रियजन के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि घायल पूरी तरह और शीघ्र स्वस्थ हों। पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी हमले की निंदा की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, बारामूला में सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले से स्तब्ध और दुखी हूं। इसकी स्पष्ट रूप से निंदा करती हूं और घायल सैनिकों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करती हूं। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना ने भी हमले की निंदा की और केंद्र शासित प्रदेश में शांति एवं सौहार्द को अस्थिर करने की कोशिश के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया। घाटी में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि के बीच यह हमला हुआ है।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के 48 उम्मीदवार घोषित

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 48 उम्मीदवारों की आज पहली सूची जारी की जिसमें नाना पटोले, पृथ्वीराज चव्हाण, बालासाहब थोराट, विजय वडेट्टीवार, विश्वजीत कदम सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। पार्टी ने महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को फिर साकोली से टिकट दिया है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण को कराड़ दक्षिण से उम्मीदवार बनाया गया है। प्रफुल्ल विनोदराव गुडाधे नागपुर दक्षिण पश्चिम, असलम आर. शेख मलाड पश्चिम, विजय नामदेवराव वडेट्टीवार ब्रह्मपुरी उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के बेटे धीरज देशमुख को लातूर ग्रामीण से और अमित देशमुख को लातूर शहर से उम्मीदवार बनाया है।

# यूक्रेन, पश्चिम एशिया में संघर्ष चिंता का विषय, शांति के लिए भारत हर योगदान को तैयार: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष चिंता का विषय है और भारत शांति बहाली के लिए हर संभव योगदान देने को तैयार है। उनकी टिप्पणी जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ हुई बातचीत के बाद आई, जिसमें उन्होंने भारत से यूक्रेन में लंबे समय से चल रहे संघर्ष का राजनीतिक समाधान खोजने में योगदान देने का आह्वान किया। मोदी ने जर्मन चांसलर के साथ सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) के बाद कहा, यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष हम दोनों के लिए चिंता के विषय हैं। भारत का हमेशा मत रहा है कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। और शांति की बहाली के लिए भारत हर संभव योगदान देने को तैयार है। मोदी ने कहा कि वह और शोल्ज इस बात पर सहमत हैं कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है। इससे पहले, आईजीसी की शुरूआत करते हुए भारत और जर्मनी की रणनीतिक साझेदारी ऐसे समय में मजबूत सहारे के रूप में उभरी जब दुनिया तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता का सामना कर रही है। आईजीसी बैठक में भाग लेते हुए मोदी ने कहा कि भारत-जर्मनी के संबंध आदान-प्रदान के संबंध नहीं बल्कि दो सक्षम और मजबूत लोकतंत्रों की परिवर्तनकारी साझेदारी है। मोदी ने कहा, दुनिया तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। इस समय में, भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी एक मजबूत सहारे के रूप में उभरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शोल्ज की भारत की तीसरी यात्रा है जो भारत तथा जर्मनी के बीच दोस्ती के ट्रिपल जश्न को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा, 2022 में बर्लिन में पिछले आईजीसी में हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। दो वर्षों में, हमारे सामरिक संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साहजनक प्रगति हुई है। रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, हरित और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है जो आपसी विश्वास के प्रतीक बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने जर्मनी द्वारा घोषित फोकस ऑन इंडिया रणनीति का भी स्वागत किया। मोदी ने कहा, मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं और ह्यसंपूर्ण सरकारह्व से पूरे राष्ट्र के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहे हैं। आईजीसी एक द्विवार्षिक कवायद है और पिछली बार इसका आयोजन मई 2022 में बर्लिन में किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर के बीच बैठक में जर्मन-भारतीय हरित और सतत विकास साझेदारी (जीएसडीपी) पर सहमति बनी थी। आईजीसी की शुरूआत 2011 में की गई थी। इसमें सहयोग की व्यापक समीक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच जुड़ाव के नए क्षेत्रों की पहचान की जाती है।

**बैठक** मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग ने रूस में हुई करीब 50 मिनट की बैठक मे विवाद समाप्ति समझौते को अपनी स्वीकृति प्रदान की......

# रक्षा मंत्री ने कहा : एलएसी पर जमीनी स्थिति बहाल करने पर भारत, चीन सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद समाप्ति समझौते और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति शी जिनपिंग की रूस में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों की चर्चा के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए सहमति बन गई है। इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त में मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। वह राजधानी दिल्ली में आयोजित चाणक्य रक्षा संवाद-24 को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने इस समझौते को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय मंच पर वार्ता के महत्व को रेखांकित करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच एलएसी के साथ कुछ क्षेत्रों



में विवाद सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत जारी है। समझौते में पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चारागाह गतिविधियों की मंजूरी भी दी गई है। दोनों देशों के बीच बनी इस सहमति के पीछे लगातार हुई बातचीत का अहम योगदान है। क्योंकि कभी न कभी समाधान निकल ही जाएगा। गौरतलब है कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग ने रूस में हुई करीब 50 मिनट की अपनी बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए विवाद समाप्ति समझौते को अपनी स्वीकृति प्रदान की थी। बातचीत के लिए स्थापित उच्च अधिकारी स्तर के तंत्र की बहाली पर भी दोनों ने जोर दिया। साथ ही कहा कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता ही संबंधों का आधार होना चाहिए। सुरक्षा के कई अहम पहलू राजनाथ ने कहा कि सुरक्षा एक व्यापक और बहुआयामी विचार है। जिसमें कई पहलू शामिल हैं जैसे आंतरिक स्थिरता, आर्थिक लचीलापन और जटिल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा शामिल है। यह सभी राष्ट्र के समूचे सुरक्षा तंत्र के लिए जरूरी हैं। सुरक्षा, सीमा सुरक्षा से भी जुड़ी हुई है। जब हम सुरक्षा के बारे में विचार करते हैं तो हमारे मन में बार्डर पर तैनात सैनिकों की छवि उभरती है, आसमान में गश्त करते हुए विमान दिखते हैं और समुद्र की रक्षा कर रहे जहाज नजर आते हैं। हालांकि आप सभी जानते हैं कि सुरक्षा सीमा सुरक्षा के भी काफी परे है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हथियारों का स्वदेशी रूप से निर्माण सुरक्षा ढांचे के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। पिछली सरकारों पर साधा निशाना पूर्व की कांग्रेस नीत सरकारों पर कटाक्ष करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, क्या रक्षा को पहले के समय में विकास का एक अहम तत्व माना जाता था? भारत को काफी पहले ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर लेनी चाहिए थी? आज रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एक बड़ा राष्ट्रीय लक्ष्य है। लेकिन इसमें वैश्विक समुदाय से अलग-थलग होकर कार्य करना शामिल नहीं है। जब भारत आत्मनिर्भरता की बात करता है तो यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि हम समान और समावेशी विश्व व्यवस्था को लेकर प्रतिबद्ध हैं। भारत एक निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सभी देशों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

# दिल्ली

## नड्डा ने दोहरायी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत करने और सर्वसुलभ कराने की प्रतिबद्धता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और सभी के लिए सुलभ कराने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य सेवा को एक समग्र दृष्टिकोण में बदल दिया जो निवारक, एकीकृत और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है।




श्री नड्डा ने शुक्रवार को यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के चिकित्सा संस्थान यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेस (यूसीएमएस) के 53वें स्थापना दिवस और दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बुनियादी शिक्षा हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है, लेकिन व्यावसायिक शिक्षा एक विशेषाधिकार है जो समाज केवल कुछ लोगों को देता है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र के लिए 30-35 लाख रुपये खर्च करती है। उन्होंने नए डॉक्टरों से अपने पेशेवर करियर की शुरूआत करते समय अधिक जिम्मेदारियां उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने छात्रों से अपने काम को करुणा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने का आग्रह किया। उन्होंने देश में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुलभ हों। उन्होंने कहा, आपके प्रयास विकसित भारत के हमारे राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आकार देने पर केंद्रित होने चाहिए।

श्री नड्डा ने वर्ष 2017 में केंद्र सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में किए गए बदलावों के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि स्वास्थ्य सेवा को केवल उपचारात्मक दृष्टिकोण से देखने के बजाय समग्र दृष्टिकोण से देखा जाता है, जो निवारक, एकीकृत और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है।

## वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए पर्यावरण मंत्री की नसीहत, पैदल चलें



ग्रेटर नोएडा । उत्तर प्रदेश के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा है कि वाहनों से पैदा होने वाला प्रदूषण कम करने के लिए जरूरी है कि छोटी दूरी पैदल ही तय की जाए। वाहन का प्रयोग नहीं किया जाए। वायु प्रदूषण में गिरावट लाने के मकसद से डॉ. अरुण कुमार ने ग्रेनो प्राधिकरण के सभागार में बृहस्पतिवार को गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर के अधिकारियों के साथ मंथन किया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने अपने कार्यक्षेत्र में वायु प्रदूषण रोकने के आदेश दिए। साथ ही कहा, दीपावली पर पटाखे कम से कम चलाएं। चलाएं भी तो ग्रीन पटाखे। पटाखों से हवा की गुणवत्ता खराब हो जाती है। इससे फेफड़ों की समस्या भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि धूल न उड़े उसके लिए मैकेनिकल स्वीपिंग करने के लिए कहा है। 10 साल पुराने डीजल और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल के वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए अधिकारियों से कहा है। बिजली विभाग से कहा है कि वह पूरी बिजली आपूर्ति दें ताकि जेनरेटर चलाने की नौबत ही न आए। सड़कों के किनारे धूल न उड़े, इसके लिए घास लगाई जाए। डॉ. अरुण कुमार ने कहा, हम नहीं चाहते कि ग्रैप के अगले चरण लागू किए जाएं। इसके लिए लोगों को भी सहयोग करना होगा। लोग अधिक से अधिक ई व्हीकल इस्तेमाल करें। पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। जो निर्माण कार्य हो रहे हैं वह मानकों के अनुसार हों। निर्माण सामग्री का परिवहन ढककर किया जाए। हमारी मंशा काम रोकने की नहीं बल्कि काम के साथ पर्यावरण को बचाने की है।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने यमुना नदी में लगाई डुबकी, त्वचा रोग से हुए पीड़ित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी में यमुना नदी में प्रदूषण को लेकर इन दिनों आप और भाजपा आमने सामने हैं. वहीं इन दिनों कालिंदी कुंज में लगातार यमुना में झाग देखा जा रहा है. इस बीच दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी को चैलेंज देते हुए गुरुवार सुबह यमुना नदी में डुबकी लगाई. हालांकि कुछ देर बाद स्वास्थ्य समस्याओं के चलते अस्पताल जाना पड़ा.

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के 8,500 करोड़ रुपए के यमुना सफाई घोटाले को उजागर करते हुए यमुना मइया में डुबकी लगा कर दिल्ली सरकार की गलतियों के लिए क्षमा प्रार्थना की. दोपहर बाद म पर लाल रैशेज, खुजली एवं सांस लेने में हल्की तकलीफ महसूस हुई. इसके बाद वे राम मनोगर लोहिया अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उनकी जांच कर दवा दी. बताया गया कि फिलहाल उन्हें प्राथमिक उपचार कर दिया गया है.

उन्होंने एक्स पर लिखा, मां यमुना जीवनदायिनी हैं. भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक हैं. परन्तु आज दिल्ली का कोई भी व्यक्ति यमुना के घाट पर पूजा नहीं कर सकता. छठ पर्व आ रहा है. हमारी मां-बहनें पूजा कहां करेंगी? आज मैंने मां यमुना जी के घाट पर डुबकी लगा कर एक दिल्ली वासी के तौर पर मां यमुना से क्षमा मांगी. दिल्ली में यमुना का ऐसा कोई घाट नहीं है जो स्वच्छ हो. अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी मालेर्ना सरकार ने यमुना सफाई फंड के 8500 करोड़ रुपये लूटकर खा लिये पर मां यमुना की सफाई नहीं की.

यमुना में कई सारे प्रदूषित नाले गिरते हैं, जिससे उसका पानी काफी संक्रमित है. संक्रमित पानी में डुबकी लगाने या उसका इस्तेमाल करने से त्वचा पर लाल रैशेज और खुजली की समस्या हो जाती है. वैसे तो प्राथमिक उपचार दवाई और ट्यूब से ये समस्या ठीक हो जाती है. अगर समस्या बढ़ती है तो इलाज के दूसरे विकल्प अपनाने पड़ते हैं. - डॉ. सौम्या सचदेव, त्वचा रोग विशेषज्ञ दिया था चैलेंजः इससे पहले दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल को नदी में डुबकी लगाने की चुनौती देते हुए कहा था कि उन्होंने दिल्ली के लोगों से वादा किया था कि वह छठ पूजा 2025 से पहले इसे साफ कर देंगे ताकि वे इसमें स्नान कर सकें. जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली में बड़ी संख्या लोग छठ महापर्व मनाते हैं. इस दौरान कई बार लोगों को यमुना नदी में डुबकी लगाने से स्वास्थ्य समस्याओं से भी दो चार होना पड़ता है.

## युवक के सीने में चाकू घोंपने वाला किशोर पकड़ा

नई दिल्ली। तिमारपुर थाना पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में किशोर को पकड़ा है। आरोपियों ने पीड़ित के छाती में दो बार चाकू घोंपे, जिससे वह गिर गया। घायल को पुलिस टीम ने देखा और उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। आरोपी चाकू पीड़ित के सीने में फंसा हुआ छोडकर फरार होगए थे। पीड़ित का अस्पताल से इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उत्तरी जिला डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि एसीपी डॉ. नीरव पटेल और पंकज तोमर, (इंस्पेक्टर कानून एवं व्यवस्था), इंस्पेक्टर रोहित सारस्वत की देखरेख में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी की जांच की गई। करीब 100 सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद पता चला कि हमलावरों ने वजीराबाद फ्लाईओवर से उसका पीछा किया और तिकोना पार्क तिमारपुर के पास उसे चाकू मार दिया और उसके बाद खबरपास, सिविल लाइंस, आउटर रिंग रोड और वजीराबाद फ्लाईओवर का रास्ता अपनाते हुए मौके से फरार हो गए। गुप्त सूत्रों की भी मदद से पता चला कि एक सीसीएल, जो पहले भी हत्या के एक मामले में शामिल था, घटना के समय से अपने घर से फरार है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। जब उसके घर पर उसकी जांच की गई तो पता चला कि उसने घटना के तुरंत बाद अपना पता बदल लिया है। टीम ने उसे तारा चौक पार्क गांधी विहार, पकड़ लिया। दूसरे साथी की तलाश में छापेमारी की जारी है। गौरतलब है कि आरोपियों ने 16 अक्तूबर को मो. आसिफ, निवासी सदर बाजार, जोकि ट्रॉनिका सिटी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश स्थित अपनी फैक्ट्री से लौट रहे थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के द्वारा, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के आनंद विहार रेलवे स्टेशन के प्लैटफॉर्म–1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पांच (05) वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है :

| क्र. सं. | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1 | 29.10.2024 को प्रात: 11:00 बजे | आनंद विहार रेलवे स्टेशन के प्लैटफॉर्म–1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचना:** 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3311/24

**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

दिनांक 31.10.2024 (बृहस्पतिवार) दीपावली के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय जो कि मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/यात्री विपणन के अधीन कार्यरत हैं, उनके कार्य करने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं:–

**(ए) आंशिक सेवा:** **(1)** आई०आर०सी०ए० भवन **(2)** दिल्ली जंक्शन व **(3)** हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में सायंकालीन पारी में आंशिक सेवायें 18:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

**(बी) सायंकालीन पारी में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे:–** **(1)** सरोजनी नगर **(2)** कीर्ति नगर **(3)** शकूरबस्ती **(4)** दिल्ली शाहदरा **(5)** गाजियाबाद **(6)** कड़कड़डूमा **(7)** ओखला **(8)** नोएडा **(9)** तुगलकाबाद **(10)** सब्जी मंण्डी **(11)** आदर्श नगर **(12)** लाजपत नगर **(13)** रोहिणी **(14)** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) **(15)** अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (ITB)।

उपरोक्त सभी कार्यालय प्रातः कालीन पारी में यथावत कार्यरत रहेंगे।

**(सी) निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे:–** **(1)** संसद भवन **(2)** प्रेस–क्लब ऑफ इण्डिया **(3)** रेलवे बोर्ड **(4)** सुप्रीम कोर्ट **(5)** हाई कोर्ट।

सुधीर सिंह
वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक/डाटा बेस
3318/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 26.10.2024 से 29.10.2024 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 26.10.2024 (शनिवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, और माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 04044 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा और बस्ती |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर आरा, पटना, बख्तियारपुर और बिहार शरीफ |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर और दरभंगा |
| 03576 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:15 | आसनसोल जं. | 10:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी–ऑन–सोन, गया, कोडरमा और धनबाद |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. | 19:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, 3 टियर वाता. एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जंक्शन |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, 3 टियर वाता., शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |

**दिनांक 27.10.2024 (रविवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04498 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 19:30 | बलिया | 13:30 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद,मुरादाबाद,बरेली,लखनऊ,रायबरेली जं.,मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी |
| 04038 | दिल्ली जं. | 19:10 | आजमगढ़ जं. | 11:30 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर शहर, जौनपुर जं., और शाहगंज जं. |
| 04062 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | बरौनी जं. | 06:30 | 3 टियर वाता. | अलीगढ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर जं. गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. और समस्तीपुर जं. |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं. | 11:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं. और मोकामा |
| 02392 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. और हाजीपुर जंक्शन |
| 02526 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज., न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, तूफानगंज, गोलकगंज जंक्शन, गौरीपुर, बिलासीपारा, अभयपुरी असम और गोल पारा टाउन |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदह जं. बड़हिया, लक्खीसराय जंक्शन, किउल जंक्शन, कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जंक्शन, बरियारपुर और सुल्तानगंज |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |

**दिनांक 28.10.2024 (सोमवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ |
| 04078 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:55 | पटना जं. | 16:25 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं.दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 02246 | हज़रज निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 03256 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वात., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 03258 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान, सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान, सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़., मोकामा, हाथीदह जं., बरहिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 04124 | हज़रज निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बलरामपुर, तुलसीपुर, बढ़नी, सिद्धार्थ नगर और आनंद नगर |

**दिनांक 29.10.2024 (मंगलवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन एवं मधुबनी |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड |
| 04044 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी जं., बरेली कैंट., सीतापुर जं., गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04010 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी जं., बरेली कैंट., शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज जं. |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 04048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:20 | कटिहार जं. | 15:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | प्रथम वाता.–सह–2 टियर वाता., 2 टियर वाता.–सह–3 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता.–सह–3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा, बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:30 | कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 03436 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं. बख्तियारपुर जं., मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा | 11:30 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली जं., सीतापुर जं., बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, पिपराइच, कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, दिघवा दुबौली और मशरख |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

सम्पादकीय

# क्या सचमुच भरोसा करने लायक है चीन?

भारत चीन के बीच सीमा पर पैट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते को लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि अब भारत और चीन के बीच गलवान जैसा टकराव नहीं होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्रिक्स समिट में जाने से पहले इसे बड़ा कदम बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि भारत और चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए सहमति होने से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझ सकता है और टकराव में भी कमी आ सकती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारतीय और चीनी सैनिक मई 2020 में सीमा पर गतिरोध शुरू होने से पहले की तरह गश्त फिर से शुरू कर सकेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने भी घोषणा की है कि भारत और चीन हिमालय में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर पहुंच गए हैं और इससे सैनिकों की वापसी और तनाव का समाधान हो सकता है। लेकिन इतिहास के मद्देनजर सवाल फिर मौजूद है कि क्या भारत चीन की सहमति पर विश्वास कर सकता है? क्या चीन की पिछली हरकतें भरोसा करने लायक आधार देती है? शायद नहीं यही वजह है कि भारत को इस समझौते के बावजूद पल पल जागरूक रहना होगा। प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिक्स समिट में शिरकत से पहले भारत और चीन के बीच लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने पर सहमति एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है, क्योंकि पिछले करीब साढ़े चार सालों से पूर्वी लद्दाख में सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ था। दोनों देशों के बीच सीमा पर शांति और यथास्थिति बनाए रखने को लेकर इन सालों में कई दौर की सैन्य अधिकारियों की बैठकें हो चुकी है, लेकिन चीन के अड़ियल और धूर्ततापूर्ण रवैये के कारण बात नहीं बन पा रही थी। अभी यह अच्छी बात है कि पूर्वी लद्दाख में 52 महीनों से चल रहा सीमा तनाव फिलहाल सुलझ गया है। दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर चली कवायद के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैन्य तनाव घटाने पर सहमति बन गई है। विदेश सचिव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दोनों ही देश 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई घटनाओं के बाद से सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार संपर्क में थे। डब्ल्यूएमसीसी और सैन्य कमांडर स्तर पर दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हुई है। आखिरकार वार्ता की इन कवायदों के कारण कई मोर्चों पर टकराव और तनाव मिटाने में कामयाबी मिली है। हालांकि अभी भी असहमति के कुछ बिंदु बाकी हैं। देखा जाए तो चीन से सीमा विवाद पर यह सहमति पीएम मोदी की ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस के शहर कजान के दौरे से एक दिन पहले आई है। इससे यह उम्मीद थोड़ी पक्की होती दिख रही है कि रूस के कजान शहर में मोदी जिनपिंग की मुलाकात सम्मेलन के इतर भी हो सकती है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि एलएसी पर गश्त को लेकर समझौते पर पहुंचना एक बड़ी कामयाबी है क्योंकि भारत और चीन के बीच 2020 से शुरू हुआ सीमा विवाद बेहद भयंकर रूप ले चुका है। ताजा समझौते से इससे सीमा पर तैनात सेनाओं की वापसी हो सकती है और तनाव कम हो सकता है। इस समझौते को क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे दोनों देशों के बीच रिश्तों में जारी खटास कम हुई है, इसलिए मोदी और जिनपिंग के बीच मुलाकात की संभावना बनती दिख रही है।

# अरब-इजरायल संघर्ष

एक अक्टूबर को ईरान की तरफ से इजरायल पर 150 से भी ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए जाने के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि इजरायली सेना (आईडीएफ) इसका बदला शीघ्र लेगी? गौरतलब है कि ईरान के मिसाइल हमलों के तुरंत बाद ही आईडीएफ और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा भी था कि ईरान को सही समय पर सही तरीके से जवाब दिया जाएगा और हाल के दिनों में इजरायल से जुड़ी मीडिया की कुछ खबरों से ये संकेत भी मिलने लगे थे कि इजरायल ने ईरान पर प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करने की तैयारी पूरी कर ली है। 14-15 अक्तूबर को इससे संबद्ध आई खबरों के मुताबिक इजरायली सेना ने कथित तौर पर ईरान के उन ठिकानों की सूची भी तैयार कर ली थी, जिन पर वह तेहरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों के जवाब में हमले करना चाहता था। फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट में यह दावा ह्यचैनल 12ह्न न्यूज के हवाले से किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने ईरान पर हमले की अपनी तैयारियों के बारे में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योव गैलेंट को लक्ष्यों की एक सूची सौंपी थी। साथ ही उसने यह स्वीकार भी किया था कि आईडीएफ के लक्ष्य बिल्कुल साफ एवं स्पष्ट हैं और अब वह कभी भी जवाबी हमला कर सकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि इजरायल ने ईरान पर हमले की योजना के बारे में अपने सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी अमेरिका को भी बता दिया है, लेकिन अमेरिका को हमले के विशिष्ट लक्ष्यों पर कोई अपडेट नहीं दिया है। रिपोर्ट में इसकी वजह यह बताई गई थी कि यह मुद्दा बेहद संवेदनशील होने के कारण इजरायल अंतिम समय में भी अपना लक्ष्य बदल सकता है। इस मामले में आई ताजा खबरों के अनुसार इजरायल ईरानी परमाणु तथा ऊर्जा स्थलों पर हमले करने से बचेगा। ऐसा माना जाता है कि इजरायल ने अमेरिकी विरोध के बाद अपनी योजना बदल दी, अन्यथा पहले उसकी मंशा तेहरान में परमाणु साइट तथा ऊर्जा स्थलों और बुनियादी ढांचों पर हमला करने की थी। हालांकि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से यह कहा गया है कि वे अमेरिका की सलाह तो सुनेंगे, लेकिन अंतिम निर्णय स्वयं करेंगे। इन सारी बातों को लेकर अभी दुनिया भर में ऊहापोह की स्थिति कायम थी। मीडिया कर्मियों, राजनीतिक विश्लेषकों, रक्षा विशेषज्ञों एवं मध्य-पूर्व से जुड़े मुद्दों पर राय रखने वाले तमाम विशेषज्ञों द्वारा तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे और तभी अचानक इजरायल की ईरान पर हमले की उस योजना से जुड़ा दस्तावेज लीक हो गया, जिसके बाद दुनिया भर में इजरायल की बड़ी फजीहत हुई। गौरतलब है कि लीक हुए दस्तावेज 15 एवं 16 अक्तूबर की तारीख वाले हैं, जिन पर ह्यटॉप सीक्रेटह्न की मुहर लगी हुई है। खबरों के अनुसार 18 अक्तूबर को मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के ह्यमिडिल ईस्ट स्पेक्टेटरह्न नामक अकाउंट पर इन्हें शेयर किया गया था। हालांकि इन दस्तावेजों के लीक होने के बाद शुरूआती दौर में ऐसा लगा था कि यह सारा मामला फर्जी है, परंतु इसी बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को दस्तावेजों की प्रामाणिकता की पुष्टि कर दी।




# भारत से सीखा परोपकार सारे विश्व ने

ये हर रोज एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पातल के आगे बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश वगैरह से रोगियों के साथ आए तीमारदारों को भरपेट भोजन करवाते हैं। कौन हैं बालाजी कुनबा के सदस्य? यह सब हनुमान जी के भक्त हैं। इनकी कारों पर हनुमानजी की तस्वीर वाला एक बैनर लगा होता है। जिस पर ह्यबालाजी कुनबा- एक परिवार भूख के खिलाफह्न लिखा रहता है। भंडारे के लिए पैसे का जुगाड़ पिलंजी गांव के लोग ही करते हैं। यह अधिकतर गुर्जर समाज से संबंध रखते हैं। आप भंडारा संस्कृति को भी तो जन सेवा ही कहेंगे। क्या अब भी किसी को बताने की जरूरत है कि परोपकार औस समाज सेवा तो हरेक भारतीय के जीवन का हिस्सा है।





**आर.के. सिन्हा**

**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद**

रतन टाटा के निधन के पश्चात उनके परोपकारी कामों की विस्तार से चर्चा हो रही है। वैसे, जरा गौर करें तो न केवल टाटा समूह, बल्कि भारत के हरेक छोटे-बड़े लाखों कारोबारी या उद्योगपति अपने स्तर पर कुछ न कुछ परोपकार से जुड़े कामों में लगे हुए ही मिल जायेंगे। यह कहना सरासर गलत होगा कि परोपकार की भावना हमने यूरोप से सीखी है। यह कुछ नासमझ अज्ञानियों का प्रचार भर है। भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीन काल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है। हम सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया में विश्वास करने वाले हैं। अभी भी आपको पहली रोटी गौ माता को में विश्वास करने वाले लाखों लोग मिल जायेंगे। धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। वेद और उपनिषद जैसे ग्रंथों में परोपकार को दान और सेवा के रूप में वर्णित किया गया है। हिन्दू धर्म में दान और सेवा का बहुत बड़ा महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासः इन चार आश्रमों में से वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में दान को अहिंसा के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है। भारत भूमि की देन बौद्ध धर्म में भी दान का खासा महत्व है जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए होता है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में दान, सेवा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। गांधी जी ने सर्वोदय के सिद्धांत पर बल दिया और ग्रामीणों की सेवा और विकास के लिए जीवन भर काम किया। मदर टेरेसा ने भी गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा करके मानवता की सेवा की। रतन टाटा की तरह बिड़ला समूह , अजीम प्रेमजी, नंदन नीलकेणी, शिव नाडार जैसे सैकड़ों उद्योगपति परोपकार से जुड़े कार्यों के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपया दान देते हैं। भारत के कारोबारियों के डीएनए में समाज सेवा है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। जमशेद जी के परोपकार के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद थे, जिसे अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी निभा रही है।इसी तरह जिस फक्कड़ संन्यासी के आशीर्वाद से घनश्याम दास बिड़ला ने अपना उद्योग जमाया, उस संन्यासी के आशीर्वाद से करनी और बरनी का काम आज भी बिड़ला समूह अपना रहा है। यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जमशेदजी टाटा को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है।तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा।स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि ह्नआप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे। स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के नाम से विश्व विख्यात हैं और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते है, या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं। महात्मा बुद्ध, गुरु नानक, और अन्य संतों ने भी परोपकार पर जोर दिया। मध्ययुगीन भारत में, राजाओं और धनिकों द्वारा अनेक धर्मार्थ संस्थानों की स्थापना की गई, जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, और गरीबों की सहायता के लिए समर्पित थे। आपको हरेक गांव, कस्बे, शहर वगैरह में गैर सरकारी प्रयासों से चल स्कूल, कॉलेज, धर्मशालाएं, लंगर और प्याऊ वगैरह मिल जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने दीन-दुखिया जन के लिए सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उनका मानना था कि सामाजिक सेवा ही सच्चा धर्म है। विवेकानंद ने सर्वधर्म समभाव और मानवतावाद का संदेश देते हुए, हर व्यक्ति के कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो आज भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है। अभी कुछ दिन पहले शारदीय नवरात्र समाप्त हुए। इस दौरान देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम शहरों में भंडारे चलते रहे। आप कह सकते हैं इस दौरान भंडारों की बहार थी। सब भंडारे के प्रसाद को प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण कर रहे थे। भंडारों में समाज वादी व्यवस्था वास्तव में बहुत प्रभावशाली होती है। भंडारों में प्रसाद के रूप में बंटते हैं छोले,कुलचे,हलवा,पूढ़ी-आलू, ब्रेड पकोड़ा आदि। कुछ भंडारों में खीर का प्रसाद भी वितरित होता है। देश की राजधानी दिल्ली भंडारों की भी राजधानी है। कहने वाले कहते हैं कि कैसेट किंग गुलशन कुमार ने भंडारा संस्कृति का पुनर्जागरण किया था। उन्होंने वैष्णो देवी में भंडारे का आयोजन शुरू किया था। तब दिल्ली वाले वैष्णो देवी में जाकर गुलशन कुमार की तरफ से चलने वाले भंडारे में भोग अवश्य लगाया करते थे। यहां से ही भंडारा संस्कृति न पैर जमाए थे। भंडारे के प्रसाद की बात ही अलग होती है। इसका स्वाद अतुल्नीय होता है। ये भंडारे की महिमा ही मानी जाएगी। भंडारा अपने आप में जात-पात और वर्ग की दीवारों को तोड़ता है। इसमें सब प्रेम से प्रसाद लेते हैं। भंडारे का प्रसाद पूरे अनुशासन से लिया जाता है। कनॉट प्लेस में रोज हजारों लोग नवरात्रों के दौरान भंडारे का प्रसाद खाते हैं।जो भंडारा आयोजित करते हैं, वे या तो हनुमान मंदिर के आगे से प्रसाद खरीद कर बांट देते हैं या फिर खुद ही कहीं से बनवा कर लाते हैं। भंडारों की एक खास बात ये भी है कि इनसे प्रसाद हिन्दू, मुसलमान,सिख, ईसाई सब ग्रहण करते हैं। साउथ दिल्ली के पिलंजी गांव में कुछ युवकों ने कुछ साल पहले बालाजी कुनबा नाम से एक संगठन स्थापित किया। इसका मकसद है भूखों की भूख मिटाना।

# चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा

यह ध्यान रहे कि अतीत में चीन ने अपने अति महत्वाकांक्षी एवं अतिक्रमणकारी रवैये को तभी छोड़ा है, जब भारत ने यह जताने में संकोच नहीं किया कि वह बहुपक्षीय सहयोग के ब्रिक्स और एससीओ जैसे संगठनों को अपेक्षित महत्व देने से इन्कार कर सकता है। अब चीन को झुकना उसकी विवशता बन गयी है, क्योंकि उसे यह आभास हुआ कि भारत का असहयोग उसके आर्थिक हितों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। ऐसा हुआ भी है कि भारत ने चीन को अपने देश में बाजार नहीं बनने दिया, जिसका बड़ा खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है। चीन की अर्थ-व्यवस्था में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। निःसंदेह संबंध सामान्य होने से चीन के आर्थिक हित सधेंगे, लेकिन भारत को अपने आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।





**ललित गर्ग**

**लेखक**

गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं? ऐसी स्थिति में पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये, ऐसा पहले भी हो चुका है। भारत को चीन से संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ने के पहले इसकी पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं वह फिर से वैसी हरकत तो नहीं करेगा, जैसी डोकलाम, गलवन, देपसांग आदि में की है।

# मोदी-जिनपिंग संवाद के मायने

पांच साल के बाद प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई और करीब 50 मिनट तक बातचीत हुई। यह एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय प्रयास माना जा सकता है। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाए। अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वजों की पृष्ठभूमि में मुलाकात हुई। कुछ मुस्कराए भी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात की जो शैली होती है, वह गायब रही। दोनों नेता आलिंगनबद्ध नहीं हुए। मुलाकात में गर्मजोशी और अंतरंगता महसूस नहीं हुई। इस द्विपक्षीय संवाद को अंतिम और निर्णायक भी नहीं माना जा सकता। एक तानाशाह किस्म के देश और एक लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच ऐसी मुलाकात और बातचीत, बेशक, एक महत्वपूर्ण कदम है। उसके जरिए आगे का रास्ता तय किया जा सकता है। यह दो समान शक्तियों के दरमियान समान स्तर का संवाद भी नहीं था, क्योंकि चीन भारत से करीब 6 गुना बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। सामरिक स्तर पर भी चीन एक वैश्विक महाशक्ति है। फिर भी 5 साल के गतिरोध के बाद चीन भारत के साथ द्विपक्षीय बातचीत को सहमत हुआ, इसे प्रत्येक लिहाज से कमतर नहीं आंकना चाहिए। चीन भारत को प्रतिस्पर्द्धी नहीं, सहयोगी मानता है, यह चीन की नई सोच है। दोनों नेताओं ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने और सेनाओं के पीछे हटने के समझौते का स्वागत किया है। दोनों नेता मानते हैं कि उनकी सीमाओं पर शांति और स्थिरता रहनी चाहिए। सीमा विवाद निपटाने के लिए विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीन से विदेश मंत्री वांग यी जल्द ही औपचारिक बैठकें शुरू करेंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा है कि चीन और भारत को एक-दूसरे के प्रति अच्छी धारणा रखनी चाहिए। पड़ोसी होने के नाते सद्भाव से रहने के लिए सही रास्ता खोजने पर काम करना जरूरी है। दोनों का मानना है कि भारत-चीन के संबंध उनके देशों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अहम हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि परस्पर विश्वास, परस्पर सम्मान और परस्पर संवेदनशीलता के आधार पर ही दोनों देशों के संबंध तय होने चाहिए। लब्बोलुआब यह रहा कि दोनों देश शांति, स्थिरता, सद्भाव, सौहार्द के पक्षधर हैं, लेकिन सवाल है कि क्या ऐसा संभव और व्यावहारिक होगा? अधिकतर राजनयिक और रक्षा विशेषज्ञ बार-बार यह कह रहे हैं कि चीन की फितरत पर भरोसा नहीं करना चाहिए और भारतीय सैनिकों को हरदम सचेत रहना चाहिए। दरअसल भारत 1947 और चीन 1949 में स्वतंत्र हुए। उस दौर में दोनों ही देश समान स्थितियों में थे। 1960, ह्न65,ह्न70,ह्न80 और 1987 के कालखंडों तक भारत-चीन की अर्थव्यवस्था में कोई खास अंतर नहीं था। हालांकि भारत 23.2 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी के साथ चीन की 22.7 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था से आगे था। 1990 के दशक में प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने देश की अर्थव्यवस्था को खोला और आर्थिक उदारीकरण, भूमंडलीकरण का दौर शुरू हुआ। वहीं से चीन ने हमें पीछे करना शुरू किया। चीन ने कृषि का निजीकरण किया। उसे वामपंथी शासन और कायदे-कानूनों से मुक्त रखा। चीन ने गांव-गांव में औद्योगिक जोन बनाए, नतीजतन ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन नहीं हुआ। गांव में ही रोजगार का प्रबंध किया गया। भारत में जातियों पर राजनीति चल रही थी और गठबंधन सरकारें बेहद अनिश्चित और अस्थिर थीं। चीन के लोगों ने रात-दिन मेहनत की। वहां उस दौर में किसान की औसत सालाना आमदनी 15 लाख रुपए थी, जबकि भारत में यह औसत 1.5 लाख से भी कम थी। चीन ने तय किया कि 9 साल तक स्कूल में पढा अनिवार्य होगा। शिक्षा के साथ-साथ कौशल पर भी गहरा ध्यान दिया गया। नतीजा सामने है कि आज चीन को ह्यदुनिया की फैक्टरीह्न माना जाता है। चीन 1522 लाख करोड़ रुपए और भारत 324 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत भी तेजी से विकास कर रहा है, लेकिन चीन सीमेंट, इस्पात, जूते, सोलर पैनल, एयरकंडीशनर, मोबाइल आदि की ह्यमंडीह्न बना है। दुनिया कई स्तरों पर चीन पर आश्रित है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमरोहा में स्कूल वैन पर गोलीबारी, मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की

अमरोहा । अमरोहा जिले के गजरौला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह एक स्कूल वाहन पर, चेहरा ढक कर आये बदमाशों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) श्वेताभ भास्कर ने बताया कि वैन चालक को निशाना बनाकर गोलीबारी की गई। उन्होंने बताया कि बच्चे और चालक सुरक्षित हैं। सीओ ने बताया कि घटना के संबंध में गजरौला थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक संदिग्ध को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, स्कूल वैन में 28 बच्चे सवार थे। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि शुक्रवार की सुबह अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की वैन को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी कर दहशत फैला दी। दहशत के कारण चीखते-चिल्लाते हुए बच्चों ने सीटों के नीचे छिपकर अपनी जान बचाई। स्कूल वैन चालक ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए वाहन को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और स्कूल प्रबंधन को पूरी घटना की जानकारी दी।

### भाजपा नेता की स्कूल बस पर फायरिंग, सहमे बच्चे

अमरोहा।तीन बाइकों पर सवार नकाबपोश युवकों ने भाजपा नेता की स्कूल बस पर फायरिंग कर दी। बस बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी। फायरिंग से बस में सवार बच्चों के बीच चीख पुकार मच गई। वारदात की जानकारी पर पुलिस-प्रशासनिक अफसरों संग अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन के बीच हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बस चालक से घटना की बाबत जानकारी की। फिलहाल तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार शहर में खाद गुर्जर मार्ग पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह का एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल है। शुक्रवार सुबह गांव चौकपुरी निवासी चालक बस से बच्चों को स्कूल लेकर आ रहा था। आरोप है कि नगला-खाद गुर्जर मार्ग पर तीन बाइकों पर सवार होकर आए युवकों ने बस पर एक के बाद एक चार फायर किए। फायरिंग होते ही बस में सवार बच्चों के बीच चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि वारदात के वक्त बस में 20 से ज्यादा छात्र-छात्रा सवार थे। गनीमत रही कि फायरिंग में कोई छात्र-छात्रा या बस स्टाफ हताहत नहीं हुआ। चालक ने घटना की सूचना स्कूल प्रबंधन को फोन पर दी। प्रबंधन के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिला उपाध्यक्ष भी मौके पर पहुंच गए। सीओ श्वेताभ भास्कर मौके पर पहुंचे। वहां चालक से घटना के बारे में जानकारी की। बताया जा रहा है कि युवकों का चालक से बीते दिनों किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि पुलिस अभी मामले की जांच में जुटी है। सीओ ने तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही।

### डा. संपूणार्नंद वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

अमरोहा। डा. संपूणार्नंद वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय आईएम इंटर कॉलेज में किया गया। जिले के राजकीय सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त स्कूल-कॉलेजों से पहुंचे कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत 2047 स्वप्न या वास्तविकता रहा। सुखदेवी इंटर कालेज हसनपुर की छात्रा युसरा नायाब व छात्र तुषित शरण प्रथम रहे। आईएम इंटर कालेज अमरोहा के फरहान, मोहम्मद फराज द्वितीय स्थान पर रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज गजस्थल की छात्रा प्राची और निधि तृतीय रहीं। निर्णायक मंडल में सतीश कुमार शर्मा, आभा देवी, श्वेता शामिल रहीं। कालेज प्रधानाचार्य डा. जमशेद कमाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान डा. अहसन अख्तर, सतीश कुमार शर्मा, रजा जहीर, हुसैन मोहम्मद, सिब्ते हैदर, रामिश नकवी, मुजाहिद अब्बास आदि रहे।

### उलेमा फाउंडेशन ने किया वक्फ एक्ट संशोधन बिल का समर्थन

अमरोहा। धार्मिक संस्था उलेमा फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री व ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के अध्यक्ष को ज्ञापन भेजकर वक्फ एक्ट संशोधन बिल का समर्थन किया। शुक्रवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना कोकब मुज्तबा के नेतृत्व में शिया धर्मगुरुओं का प्रतिनिधिमंडल कलक्ट्रेट पहुंचा। यहां प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि देश में कमोबेश आठ लाख 50 हजार से अधिक रजिस्टर्ड वक्फ संपत्तियां हैं। लेकिन इस बड़ी संख्या के मुकाबले वक्फ बोर्डों की फाइलों में कुल दस प्रतिशत संपत्तियां ही मौजूद हैं। ज्यादातर मुतवल्ली बीते कई सालों से वक्फ बोर्ड में संपत्तियों का कोई शुल्क जमा नहीं कर रहे हैं। संपत्तियों को बेचते हुए खुर्द-बुर्द किया जा रहा है।

## जीटीटीसीआई के दूसरे डिप्लोमेसी गाला में वैश्विक भागीदारी मजबूत हुई

- जीटीटीसीआई ने दूसरे ग्लोबल डिप्लोमेसी गाला 2024 में डिजिटल बिजगेटवे लॉन्च किया
- **जीटीटीसीआई के ग्लोबल डिप्लोमेसी गाला 2024 ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में नई उपलब्धियाँ हासिल कीं**




नई दिल्ली, ग्लोबल ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल (इंडिया) (जीटीटीसीआई) ने रेडिसन ब्लू, नई दिल्ली में अपनी दूसरी एजीएम - ग्लोबल डिप्लोमेसी गाला नाइट की मेजबानी की, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और कूटनीतिक उपलब्धियों का भव्य जश्न मनाया गया। जीटीटीसीआई की वार्षिक आम बैठक के साथ ही, इस कार्यक्रम ने वैश्विक भागीदारी और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई पहलों का अनावरण करते हुए एक साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समारोह में 60 से अधिक विदेशी मिशनों ने भाग लिया, जिनमें सेशेल्स, गुयाना, अल्जीरिया, बेलारूस, ब्रुनेई, इक्वाडोर, गैबॉन, लेसोथो, मलेशिया, क्यूबा, जिबूती, फिजी, मोजाम्बिक, सर्बिया, मॉरीशस, कोलंबिया, इथियोपिया, बोत्सवाना, पनामा, उरुग्वे, अरब लीग, बुरुंडी, चाड, मेडागास्कर, अंगोला, अजरबैजान, चेक गणराज्य, वियतनाम, सोमालिया, फिलिस्तीन, तुर्किये, घाना, केन्या के प्रतिनिधि शामिल थे , कनाडा, चीन, रूस, नीदरलैंड, ताजिकिस्तान, फिलीपींस, मिस्र, इटली, पुर्तगाल, इंडोनेशिया, इराक, रोमानिया, अल साल्वाडोर, गाम्बिया, गिनी, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, किर्गिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य। उपस्थित प्रमुख भारतीय गणमान्य व्यक्तियों में श्री राकेश अस्थाना (मुख्य सलाहकार, जीटीटीसीआई), श्री नवनीत सहगल (अध्यक्ष, प्रसार भारती), और अन्य उल्लेखनीय हस्तियां जैसे श्रीमती और श्री नितिन कपूर और श्री धीरज धर गुप्ता शामिल थे, जिन्होंने गहन वैश्विक संबंधों को बढ़ावा देने में इस आयोजन के महत्व को रेखांकित किया। जीटीटीसीआई के संस्थापक अध्यक्ष डॉ गौरव गुप्ता ने सम्मानित अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और राजनयिक और व्यापार संबंधों को बढ़ाने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। अपने संबोधन में, डॉ गुप्ता ने पिछले वर्ष के दौरान जीटीटीसीआई की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिसमें 75 से अधिक व्यापार जुड़ाव और अंतर्राष्ट्रीय मंचों की मेजबानी शामिल थी, जिनका उद्देश्य वैश्विक व्यापार और प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देना था। जीटीटीसीआई की अध्यक्ष डॉ रश्मि सलूजा ने भविष्य के लिए एक आकर्षक विजन स्टेटमेंट दिया आगामी वर्ष के लिए उनका दृष्टिकोण सीमा पार सहयोग और तकनीकी उन्नति के माध्यम से संधारणीय विकास पथ बनाने में निहित है। 60 से अधिक विदेशी मिशन कूटनीतिक उपलब्धियों के एक वर्ष का जश्न मनाने और नई पहलों का अनावरण करने के लिए एकत्रित हुए। शाम का एक मुख्य आकर्षण ऋळ्ळउकइ९ऋ्रीं६८ का शुभारंभ था, जो एक अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे व्यवसाय-से-राजनयिक समुदाय के कनेक्शन को बढ़ाने, मजबूत आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने और वैश्विक व्यवसायों के लिए नए रास्ते खोलने के लिए डिजाइन किया गया है। रात में एक रोमांचक लकी ड्रा भी हुआ, जहाँ उपस्थित लोगों को प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने का मौका मिला। इनमें ह्यपैलेस ऑन व्हील्सह्ल पर शाही यात्रा के लिए दो टिकट शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक की कीमत 1,100,000 रुपये थी, जो एक अद्वितीय शानदार यात्रा अनुभव प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, वियतनाम एयरलाइंस द्वारा प्रायोजित वियतनाम के लिए बिजनेस क्लास रिटर्न टिकट ने दक्षिण पूर्व एशिया की शानदार यात्रा का स्वाद प्रदान किया, जबकि म्यांमार एयरलाइंस के सौजन्य से म्यांमार के लिए रिटर्न टिकट भी दिए गए। यह कार्यक्रम विभिन्न भागीदारों के उदार समर्थन के माध्यम से संभव हुआ। रेडिसन ब्लू प्लाजा दिल्ली एयरपोर्ट ने हॉस्पिटैलिटी पार्टनर की भूमिका निभाई, जबकि वियतनाम एयरलाइंस लग्जरी ट्रैवल पार्टनर थी।

## श्री वैंकटेश्वरा में पांच दिवसीय राष्ट्रीय फामेर्सी वीक-2024 का शुभारम्भ

- **फामेर्सी मानव सेवा एवं स्वास्थ्य से जुड़ा बहुत ही पुनीत क्षेत्र है, जिसमें युवाओं के लिए लाखों रोजगार संभावनाएं निहित है : श्री सुधीर गिरि**

प्रातः किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला।श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय /संस्थान में स्कूल ऑफ फामेर्सी की ओर से पांच दिवसीय राष्ट्रीय फामेर्सी वीक-2024 का शानदार शुभारम्भ हो गया। इस पांच दिवसीय ह्यनेशनल फामेर्सी वीक में अलग-अलग दिनों में फार्मा इंडस्ट्री एवं फार्मा एजुकेशन सेक्टर के एक दर्जन से अधिक दिग्गज यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भारत में फार्मा क्षेत्र में रिसर्च एवं अनुसंधान के द्वारा हो रहे नये क्रांतिकारी बदलावों से अवगत करायेंगे। इसके साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को लेकर संस्थान में पोस्टर मेकिंग, कम्पीटीशन मॉडल प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाया जायेगा। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के डा. सी.वी. रमन सभागार में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय फामेर्सी वीक-2024 का शुभारम्भ समूह चेयरमैन श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मुख्य अतिथि/ वक्ता जुबलिएन्ट के डा. माता प्रसाद एवं कुमाऊ विश्वविद्यालय के डीन डा. महेन्द्र राणा, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। राष्ट्रीय फामेर्सी वीक पर आयोजित संगोष्ठी को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय, डीन ओमप्रकाश गुसाई आदि ने भी सम्बोधित किया । इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डा. राजेश सिंह, डीन फामेर्सी डा. अश्विन सक्सेना, डीन फामेर्सी डा.धीरज दुबे, डा. मोहित श्रीवास्तव, डा. आदित्य शर्मा, डा. पंकज, नितिन, फरमान, अश्विन गुप्ता, मंजूरानी मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन फामेर्सी की सहायक प्रो. (डा.) शिल्पी शर्मा एवं डा. अर्पण गुप्ता ने किया।

## भाजपा उम्मीदवार अनुजेश यादव ने करहल से दाखिल किया नामांकन



प्रात: किरण, संवाददाता

मैनपुरी । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से अनुजेश यादव को उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवार बनाए जाने के बाद शुक्रवार को अनुजेश यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान योगी सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, असीम अरुण और नरेंद्र कश्यप मौजूद रहे। नामांकन के बाद असीम अरुण ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा ने यहां से मजबूत उम्मीदवार मैदान में उतारा है। उनका जमीन से हर वक्त वास्ता रहा है। मुझे उम्मीद है कि जनता उनको जिताने का काम करेगी। यहां भाजपा के पक्ष में बेहतर परिणाम मिलेगा। करहल की जनता इस बार सपा को खारिज करके भाजपा उम्मीदवार को सेवा का मौका देने जा रही है। वहीं करहल से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद अनुजेश यादव ने कहा कि मैं प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व का दिल से आभार जताता हूं। मैं पार्टी के प्रति वफादार था इसलिए भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया। मेरे परिवार से मेरी मां यहां से विधायक रही हैं और मुझे उम्मीद है कि जनता मुझ पर भरोसा जताएगी। यहां का विकास हमारी प्राथमिकता रहेगी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से अनुजेश यादव उम्मीदवार बनाए जाने पर सियासत तेज हो चली है। करहल सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। अनुजेश यादव मुलायम सिंह की भतीजी और सांसद धर्मेंद्र यादव की बहन संध्या यादव के पति हैं। संध्या उर्फ बेबी यादव 2015 से 2020 तक मैनपुरी की जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं, जबकि अनुजेश खुद इसी दौरान फिरोजाबाद से जिला पंचायत सदस्य थे। समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के दामाद अनुजेश यादव सपा उम्मीदवार तेज प्रताप यादव के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। अनुजेश यादव सपा के प्रत्योशी तेज प्रताप यादव के फूफा लगते हैं। ऐसे में अब करहल सीट पर फूफा और भतीजे आमने-सामने होंगे। अनुजेश यादव सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई हैं।

## दौड़ में बहादरपुर मिश्र का अजय रहा आल ओवर चैम्पियन

### खेलकूद प्रतियोगिता छात्रों ने दिखाया दमखम, विजेताओं को किया सम्मानित

प्रात: किरण, संवाददाता




अमरोहा/रहरा। न्याय पंचायत खरपड़ी की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय खरपड़ी के प्रांगण पर आयोजन किया गया। खेलों का शुभारंभ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह,गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष पवन अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से फुता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। खेलकूद प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का खेल प्रभारी प्रमोद कुमार ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। खेलकूद प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में योगेश प्राथमिक विद्यालय रहरई प्रथम, जबकि 100 मीटर दौड़ में राजन प्राथमिक विद्यालय बीजनपुर प्रथम। 200 मीटर दौड़ में योगेश प्राथमिक विद्यालय रहरई प्रथम रहा। बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में भारती प्राथमिक विद्यालय भूवरा प्रथम जबकि 100 मीटर दौड़ में संगीता प्राथमिक विद्यालय रहरई प्रथम । 200 मीटर दौड़ में मधु प्राथमिक विद्यालय रहरई प्रथम, प्राथमिक विद्यालय प्रथम स्थान पर रही। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़,200 मीटर दौड़,400 मीटर दौड़ एवं 600 मीटर दौड़ में में अजय उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादरपुर मिश्र प्रथम स्थान पर रहा। जबकि बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में मुन्नी उच्च प्राथमिक विद्यालय ढेकला प्रथम,200 मीटर दौड़ में देवेन्द्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भूवरा प्रथम,400 मीटर दौड़ में पिंकी उच्च प्राथमिक विद्यालय फत्तेहपुर अधेक प्रथम स्थान पर रही।विजेता बच्चों को पुरस्कार एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के इस अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक वैभव गुप्ता,खेल प्रभारी प्रमोद कुमार,एआरपी संजय सिंह,लख्मी सिंह, ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी, ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव नागर, देवेंद्र शर्मा,हरिओम सिंह, करणवीर सिंह, भगीरथ सिंह,अभिनव मलिक,संजय सिंह ,कन्हैया सैनी, प्रणवीर सिहं,धर्मेंद्र सिंह,मनीष जैन, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा,शिव कुमार,रविन्द्र सिह, कृष्णपाल सिंह,संजीव कुमार, तौकीर अहमद,दीपक पाल, कृष्ण कुमार शर्मा,मनोज गुप्ता,महेश सिंह,पूजा,पारुल आदि मौजूद रहे। अंत में खेल प्रभारी प्रमोद कुमार एवं ब्लॉक व्यायाम शिक्षक वैभव गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त कर खेलों का समापन कर दिया।

## महाकुंभ के दौरान शहर को जाम से मुक्ति दिलाएगा रिवर फ्रंट




प्रातः किरण संवाददाता

प्रयागराज, । प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए योगी सरकार कई नए कदम उठा रही है। गंगा किनारे रिवर फ्रंट का निर्माण भी इसी का हिस्सा है, जिसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और यह 15 नवंबर तक आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। जाम की समस्या से मिलेगी निजात प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक पर्यटकों और श्रद्धालुओं के कुंभ नगरी पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। इनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक तरफ जहां शहर के अंदर और बाहर की सड़कों के चौड़ीकरण का काम तेजी से हो रहा है तो वहीं गंगा किनारे आवागमन का एक और विकल्प भी तैयार किया जा रहा है। गंगा नदी के किनारे रिवर फ्रंट के निर्माण से श्रद्धालुओं को बड़ी सहूलियत मिलने जा रही है। अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी का कहना हैं कि मुंबई की मरीन ड्राइव की तर्ज पर प्रयागराज में भी गंगा किनारे लगभग 15.25 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। 213 करोड़ की लागत से इसका निर्माण हो रहा है। फिलहाल इसका 70 फीसदी निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। 15 नवंबर के पहले यह बनकर तैयार हो जाएगा। गंगा नदी के दोनों तरफ रिवर फ्रंट बनकर हो रहा तैयार कुंभ क्षेत्र में भीड़ को व्यवस्थित करने में रिवर फ्रंट मददगार साबित होगा।

## महाकुंभ में पर्यटक ले सकेंगे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लुत्फ

प्रात: किरण, संवाददाता



प्रयागराज, । महाकुंभ में यूपी टूरिज्म श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधा देने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में टूरिज्म विभाग महाकुंभ में प्रयागराज आने वाले पर्यटकों को फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सुविधा भी उपलब्ध करा रहा है। प्रयागराज में यमुना नदी पर बने यूपी के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट कालिंदी का उद्घाटन दिसंबर 2023 में सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। सीएम योगी के मार्गदर्शन में यूपीएसटीडीसी इस रेस्टोरेंट का संचालन कर रही है। सारी सुविधा महाकुंभ के दौरान देश-विदेश आने वाले पर्यटकों के लिए एक नया और अनोखा अनुभव प्रदान करेगी। यूपी टूरिज्म के यूपीएसटीडीसी की ओर से प्रयागराज के त्रिवेणी बोट क्लब में उत्तर प्रदेश का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट दिसंबर 2023 से चल रहा है। पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि यमुना नदी की लहरों पर तैरता हुआ कालिंदी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट यूपी का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में ऐसा ही प्रयोग गोरखपुर के रामगढ़ ताल में भी किया गया है। कालिंदी रेस्टोरेंट इस मामले में प्रदेश में पहला सफल प्रयोग था। प्रयागराजवासी पिछले कई महीनों से इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लुत्फ उठा रहे हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप यूपी टूरिज्म इस बार ये अनुभव महाकुंभ के पर्यटकों को भी उपलब्ध कराएगा। महाकुंभ के पवित्र स्नान और आध्यात्मिक अनुभव के साथ पर्यटकों के लिए फ्लोटिंग रेस्टोरेंट भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। देश विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए फ्लोटिंग रेस्टोरेंट एक नया एक्सपीरियंस साबित होगा। कालिंदी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट प्रयागराज के यमुना बैंक रोड पर स्थित यूपी टूरिज्म के त्रिवेणी बोट क्लब में स्थित है। रेस्टोरेंट का संचालन टूरिज्म विभाग का कॉर्पोरेशन यूपीएसटीडीसी करता है। रेस्टोरेंट के फ्रंट ऑफिस मैनेजर दीपक टंडन ने बताया कि कालिंदी 40 सीटों से युक्त पूर्णतः वातानुकूलित रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट सुबह 10 से रात के 9 बजे तक खुला रहता है। महाकुंभ के दौरान रेस्टोरेंट के समय में परिवर्तन कर और सुबह खोलने पर भी विचार चल रहा है। इसके साथ ही यूपीएसटीडीसी यमुना बैंक रोड पर राही त्रिवेणी दर्शन होटल भी संचालित कर रहा है। यहां पर संगम स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की भी सुविधा है।

## दीपोत्सव 2024 : संगीत की धुन पर आतिशबाजी, पांच किलोमीटर दूर से दिखेगा नजारा

अयोध्या, ।14 वर्षों के वनवास के बाद भगवान राम के अयोध्या आगमन की खुशियों में इस बार अयोध्या नगरी दीपोत्सव-2024 के भव्य आयोजन के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 30 अक्टूबर को होने वाले इस दीपोत्सव में विशेष रूप से पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी शो का आयोजन किया जाएगा। राम की पैड़ी पर आयोजित यह दीपोत्सव हर साल की तरह इस साल भी ऐतिहासिक बनने जा रहा है, जहां आसमान में 600 फीट तक की ऊंचाई पर आतिशबाजी से सरयू नदी का आकाश जगमगाएगा। इस बार आतिशबाजी शो में पर्यटन विभाग द्वारा चुनी गई एक विशेष एजेंसी द्वारा पुराने सरयू पुल पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो का प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सिस कम्युनिकेशन के प्रमुख संजय सिंह ने जानकारी दी कि 30 अक्टूबर की शाम को पुराने सरयू पुल पर आतिशबाजी, लेजर शो, फ्लेम शो और संगीत के संगम से भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रदूषण मुक्त ग्रीन आतिशबाजी होगी, जो पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए 120 से 600 फीट की ऊंचाई तक आसमान में बिखरेगी। इस मनोहारी दृश्य को चार से पांच किलोमीटर के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग देख सकेंगे। यह आतिशबाजी सरयू नदी की शांत लहरों पर चमकदार परछाइयों के साथ अद्भुत दृश्य उत्पन्न करेगी। इस ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो में संगीत और आधुनिक तकनीकों का सुंदर मिश्रण होगा। संजय सिंह ने दावा किया कि इस शो को संगीत की धुन पर तैयार किया गया है, जो अयोध्या के दीपोत्सव को नए आयाम पर ले जाएगा। करीब 1,500 मीटर लंबे क्षेत्र में फैले इस शो की अवधि लगभग 10 मिनट होगी। प्रदूषण मुक्त आतिशबाजी के साथ-साथ लेजर और फ्लेम शो की चमक अयोध्या के दीपोत्सव को और भव्य बना देगी। पारंपरिक और आधुनिक तत्वों के संयोजन से तैयार किया गया यह शो उन सभी के लिए एक नया अनुभव होगा, जो इसे देखने आएंगे। आयोजन के भव्यता को बढ़ाने के लिए 30 से अधिक प्रशिक्षित पेशेवरों की टीम दिन-रात कड़ी मेहनत कर रही है। दीपोत्सव 2024 का आयोजन राम की पैड़ी पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। 30 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में 28 लाख दीपों की रोशनी और आतिशबाजी के अनोखे रंग अयोध्या नगरी को प्रकाशमान कर देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इस वर्ष का दीपोत्सव भव्यता, सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरण सुरक्षा के संदेश के साथ विशेष रूप से मनाया जाएगा, जिससे यह दीपोत्सव अयोध्या और पूरे देश के लिए यादगार बनेगा।

## बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ने दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में लाइमलाइट डायमंड्स के एक्सक्लूसिव स्टोर का उद्घाटन किया

प्रात: किरण, संवाददाता




भारत के सबसे बड़े लैब ग्रोन डायमंड ब्रांड, लाइमलाइट डायमंड्स ने भारत की राजधानी दिल्ली में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ किया। दिल्ली के प्रतिष्ठित राजौरी गार्डन इलाके में इस विशेष लैब ग्रोन डायमंड ज्वेलरी की मांग को पूरा करने के लिए यह स्टोर खोला है।नए स्टोर का उद्घाटन प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया, लाइमलाइट डायमंड्स के को-फाउंडर नीरव भट्ट के साथ लाइमलाइट डायमंड्स के डायरेक्टर करम चावला सहित कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियां इसमें शामिल हुए। 1500+ स्क्वायर फीट में भव्य रूप से फैला यह स्टोर लाइमलाइट डायमंड्स के लिए एक और माइलस्टोन है, जिससे वे पूरे भारत में अपना विस्तार जारी रख रहे हैं। पिछले दो वर्षों में, ब्रांड ने तेजी से विकास की गति को देखा है। अब तक मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, वाराणसी, हैदराबाद, राजकोट, बैंगलोर, चेन्नई आदि सहित 35 से अधिक शहरों में मौजूदगी के साथ एलजीडी ज्वेलरी के लिए देश में इस ब्रांड ने तेजी से खुद को अल्टीमेट सॉलिटेयर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया है।

ब्रांड के एक्सक्लूसिव कलेक्शन को निहारते हुए अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा,मैं इस स्टोर के लैब ग्रोन डायमंड ज्वेलरी के कलेक्शन से काफी आकर्षित हूं। वे भारत में बने हैं और मुझे लगता है कि हर भारतीय महिला इन डायमंड्स को पहनने में गर्व महसूस करेगी।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि सोने चांदी तो आप हमेशा खरीदने हो और खरीदने के बाद आपको लगता है कि बहुत पैसा खर्च हो गया अगले बार कुछ नहीं खरीदूंगा लेकिन इस धनतेरस पर आप लाईमलाइट से डायमंड ज्वेलरी खरीद सकते हो जो ज्यादा महंगा नहीं पड़ेगा और आपके बजट में आ जाएगा लाइमलाइट डायमंड्स की फाउंडर और एमडी पूजा शेठ माधवन ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा,दिल्ली में लाइमलाइट के पहले आउटलेट में हमारे कलेक्शन और डिजाइन को लेकर ग्राहकों से शानदार रिस्पॉन्स मिलने के बाद हम दिल्ली में अपना दूसरा स्टोर खोलने के लिए बेहद उत्साहित हैं !

इस शहर को चमक-दमक हमारे ब्रांड को बड़े अच्छे से कॉम्प्लीमेंट करते हैं। यहां उन सभी लोगों के लिए एक बेहतरीन कलेक्शन है, जो स्मॉल डायमंड ज्वैलरी से सॉलिटेयर ज्वेलरी की ओर जाना पसंद करते हैं।

इसके अलावा, हमारे ब्रांड द्वारा दिये जाने वाले बायबैक और एक्सचेंज ऑफर यह सुनिश्चित करते हैं कि ब्रांडेड उत्पाद का मूल्य पूरी तरह से सुरक्षित है, ताकि वे अपनी चमक का आनंद ले सकें


## कार्यालय नगर पंचायत नौगावां सादात, जनपद अमरोहा

पत्रांकः– 39 / न0पं0ना0सा0 / 2024    दिनांकः– 25.10.2024

### ई–निविदा सूचना

शासकीय व्यवस्था के अर्न्तगत उपरोक्त कार्य निकाय को राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फंड के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने है जिनकी आनलाईन निविदायें आमंत्रित की जा रही है।

अतः इच्छुक निविदादाता/ठेकेदार/फर्म अपनी–अपनी ऑनलाईन निविदायें दिनाकं 18 .11 .2024 को दोपहर 12.00 तक https://etender.up.nic.in पर आनलाईन प्रस्तुत कर सकता है जो कि दिनांक 18 .11 .2024 को ही अपरान्ह 2.00 बजे गठित समिति तथा पंजीकृत ठेकेदारों/निविदादाता/फर्मों की उपस्थिति मे खोली जायगी। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न हैं, जोकि बेवसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नागांवा सादात में निहित है। इस सम्बन्ध में लिये गये निर्णय पर किसी भी ठेकेदारों/निविदादाता/फर्मों को न्यायालय मे जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| E-bid Reference No | 39/N.P.N.S./E-Tander /2024-25 |
| Publish date and Time | 26- 10- 2024 on 12.00 PM |
| Last date and time For submission of E-Bids | 18- 11- 2024 on 12.00 PM |
| date and time of opening of on line T E-Bids | 18- 11- 2024 on 2.00 PM |
| Place of opening of E-Bids | E.O.office Nagar panchyet Nowhawan Sadat, amroha |
| E-Tander security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tander list |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नौगावां सादात
अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पंचायत नौगावां सादात
अमरोहा





# सिंघम अगेन में हिस्सा न होने पर काजल अग्रवाल ने तोड़ी चुप्पी



सिंघम फिल्म में काजल अग्रवाल ने अजय देवगन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था। काजल अग्रवाल को इस फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में प्रशंसकों का प्यार भी मिला था। इसके बाद प्रशंसकों को काजल अग्रवाल को सिंघम अगेन में देखने की इच्छा थी। हालांकि, वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं है, इसको लेकर उन्होंने बात की है। काजल अग्रवाल ने कहा कि वह फिल्म का हिस्सा क्यों नहीं हैं, इसका जवाब देना थोड़ा मुश्किल है। वे चाहती थीं कि सिंघम अगेन का हिस्सा बनें। काजल ने कहा, एक एक्टर के तौर पर हम सभी को फिल्मों की जरूरत है। हम हमेशा यही चाहते हैं कि हम बनने वाली हर फिल्म का हिस्सा हों।

## रोहित शेट्टी की प्रशंसक हैं काजल

काजल ने कहा कि कॉप यूनिवर्स पर बनी फिल्में देखने में काजल को मजा आता है। रोहित शेट्टी ऐसी फिल्मों को बहुत ही अच्छे से बनाते हैं। काजल ने कहा, मैं सिनेमा की दुनिया में रोहित शेट्टी की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। हालांकि, मैं उनसे टच में नहीं हूं। हर कोई व्यक्ति अपने काम में बिजी रहता है लेकिन जब भी हम मिलते हैं। वही मस्ती-मजाक और बातें हमारे बीच में होती हैं। काजल ने कहा कि उन्हें फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर बहुत पसंद आया। काजल ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर काफी उत्साहित करने वाला है, मैं इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रही हूं। काजल ने कहा कि अजय देवगन और रोहित शेट्टी के साथ काम करना मेरे लिए बहुत शानदार अवसर था। मुझे उस फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में प्रशंसकों का प्यार मिला है।

# काजोल को पसंद है बगैर सोशल मीडिया की जिंदगी

काजोल और अजय देवगन बॉलीवुड के मोस्ट लविंग कपल्स में से एक हैं। कपल की तरह उनके बच्चे भी काफी लोकप्रिय हैं।
लाइमलाइट से दूर होने के बाद भी किसी न किसी इवेंट में काजोल अपने परिवार के साथ स्पॉट हो ही जाती हैं। हालांकि, अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी अपनी जिंदगी से जुड़ी जानकारियां अपने फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, एक साक्षात्कार में , अभिनेत्री ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग की घटना और इस समस्या से निपटने के तरीके के बारे में बात की है।
हाल ही में, इंडियन एक्सप्रेस के साथ एक साक्षात्कार में काजोल ने कहा, मैं आभारी हूं कि मैंने सोशल मीडिया के बिना पूरी जिंदगी जी है। मैं छह साल पहले ही सोशल मीडिया पर आई हूं। साथ ही, यह असल जीवन नहीं है। आप रेड कार्पेट पर मेरी तस्वीर देखेंगे, लेकिन आप यह नहीं देखेंगे कि मैं तैयार होने के लिए सुबह 5 बजे उठी, रात 11.30 बजे थकी हुई वापस आई और अगली सुबह, मैं काम पर वापस आ गई।
अभिनेत्री ने आगे कहा, आप बस इसका एक स्नैपशॉट देख रहे हैं। सच्चाई यह है कि हम भी बाकी लोगों की तरह ही कड़ी मेहनत करते हैं, हमारे अच्छे और बुरे दिन होते हैं, और फिर भी, जब आप पोस्ट करते हैं, तो आप मुस्कुराते हैं।
हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर जांच-पड़ताल और एक सार्वजनिक व्यक्ति होने का अपना स्थान है। काजोल ने कहा, मेरे पास इसे देखने का थोड़ा अलग तरीका है, जब लोग आपसे बहुत प्यार करते हैं, तो उन्हें यह भी लगता है कि उन्हें आपसे उतनी ही नफरत करने का अधिकार है। इसलिए, मैं यह नहीं कहूंगी कि वे सही हैं, लेकिन सार्वजनिक व्यक्ति होने के नाते हमें इससे निपटना पड़ता है। काजोल अगली बार दो पत्ती, महारानी और सरजमीन में नजर आएंगी। उन्हें आखिरी बार द ट्रायल और नेटफ्लिक्स इंडिया पर एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2 के एक सेगमेंट में देखा गया था।

# जिमी शेरगिल साथ हाईस्ट ड्रामा 'सिकंदर का मुकद्दर' में लीड रोल निभाएंगी तमन्ना भाटिया

**पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया सिकंदर का मुकद्दर नामक हाईस्ट ड्रामा में मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी, जिसे जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ किया जाएगा। स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म द्वारा हाल ही में घोषित की गई इस फ़िल्म में तमन्ना के साथ जिमी शेरगिल और अविनाश तिवारी हैं।**

यह हाईस्ट ड्रामा फ़िल्म तमन्ना को बिल्कुल नए और अलग किरदार में दिखाने का वादा करती है, जो उनकी वर्सेटिलिटी को उजागर करता है। उनके किरदार को यूनिक और एडवेंचरस बताया गया है, जो उनके बेहतरीन पोर्टफोलियो में एक रोमांचक मोड़ जोड़ता है। फैंस इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट में उनकी परफॉरमेंस का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।
नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया पर एक घोषणा की, जिसमें तमन्ना के इंटेन्स सीन्स के कुछ स्निपेट और बिहाइंड-द-सीन्स दिखाए गए, जिसने दर्शकों की दिलचस्पी जगा दी है। पोस्ट का कैप्शन था, 60 करोड़ के हीरे चोरी। एक लंबी तलाश। और एक इंस्पेक्टर जो नहीं मानेगा हार। सिकंदर का मुकद्दर, कमिंग सून ओनली ऑन नेटफ्लिक्स. हालांकि, 'सिकंदर का मुकद्दर' की ऑफिसियल रिलीज़ की तारीख़ की घोषणा अभी नहीं की गई है। वहीं, फ़िल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। हाल ही में, तमन्ना ने अपनी आगामी तेलुगु फ़िल्म 'ओडेला 2' की शूटिंग पूरी की, जो जल्द ही रिलीज़ होने वाली है। उन्होंने 2024 की शुरुआत 'अरनमनई 4' से की, जिसने तमिल बॉक्स ऑफ़िस के ड्राई पैच को खत्म किया और 100 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने अपनी स्टार पावर का प्रदर्शन किया।
उनकी सफलता 'स्त्री 2' के हिट गाने 'आज की रात' के साथ जारी रही, जिसने बॉडी पॉज़िटिविटी के बारे में चर्चाएँ छेड़ दीं और ऑवरग्लास फ़िगर की वापसी को सेलिब्रेट किया। जैसे-जैसे तमन्ना नई और विविध भूमिकाएँ निभा रही हैं, फैंस उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को देखने के लिए उत्सुक हैं। इसके बाद, वह करण जौहर द्वारा निर्मित 'डेयरिंग पार्टनर्स' में दिखाई देंगी, जो उनकी प्रभावशाली लाइनअप में चार चांद लगा देगी।

# बहन नूपुर के साथ अपनी तुलना को कृति ने बताया गलत



लुका छुपी, बरेली की बर्फी, मिमी और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया जैसी फिल्मों की सफलता के साथ कृति सेनन ने खुद को बॉलीवुड में एक ए-लिस्टर अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है। पिछले कुछ वर्षों में, अभिनेत्री ने अपना खुद का कपड़ों और मेकअप ब्रांड भी खोला है और अब दो पत्ती के साथ अभिनेत्री एक निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अब हाल ही में, कृति ने बहन के साथ अपनी तुलना किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है और बताया है कि रिश्तेदार अक्सर ऐसा करते हैं।
हाल ही में, एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने दोनों बहनों के बीच की गई तुलना के बारे में बात की। उन्होंने कहा, कुछ भी ऐसा नहीं हुआ है कि एक-दूसरे के प्रति हमारी भावनाएं बदल गई हों। मुझे नहीं लगता कि मैं इससे गुजरी हूं। कम से कम अभी तक तो नहीं। जब मैं इंडस्ट्री में आई थी, तब नूपुर बहुत छोटी थी और वह उस समय मुंबई में नहीं थी और तभी मैंने देखा कि कुछ रिश्तेदार हमारे साथ अलग व्यवहार कर रहे थे और इससे मुझे गुस्सा आया। अभिनेत्री ने आगे कहा, नूपुर इस बात से बेपरवाह रहीं, जब हम उनके घर जाते थे, तो वे हमारे साथ अलग व्यवहार करते थे। वे मुझे और नूपुर को हमारे जन्मदिन पर अलग-अलग तरह से बधाई देते थे। यह कुछ ऐसा था जो मुझे गलत लगता था। यही नहीं, कृति ने आगे कहा, वह मेरी छोटी बहन होने के बावजूद बहुत मजबूत और बहुत शांत है। वह चीजों को अच्छी तरह से संभालती है और अगर कोई चीज उसे चोट पहुंचाती है या परेशान करती है, तो वह कभी भी इसे अपने सामने नहीं आने देती। दूसरी ओर, उनकी छोटी बहन नूपुर सेनन ने हाल ही में पॉप कौन? और टाइगर नागेश्वर राव जैसी परियोजनाओं के साथ एक अभिनेत्री के रूप में अपना करियर शुरू किया। दोनों सेनन बहनें एक ही इंडस्ट्री में हैं, इस वजह से अक्सर दोनों के बीच तुलना होती है, जो अब कृति सेनन को परेशान करती है।



# शादी करने को बेकरार हैं रीम, बोलीं 30 तक नहीं रुकूंगी

रीम शेख अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। रीम टीवी जगत की भी जानी मानी अभिनेत्री हैं। हालांकि, इन सब के बीच रीम आजकल अपनी प्लानिंग को लेकर काफी चर्चा में चल रही हैं। दरअसल हाल ही में, रीम ने अपनी फैमिली और बच्चों की प्लानिंग को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। रीम भले ही अभी 22 साल की हैं, लेकिन उन्होंने खुलासा किया है कि वह 30 साल से पहले शादी कर लेंगी। रीम ने कहा कि मैं उनमें से नहीं हूं, जो 30-35 में शादी करूं।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की कानूनी मुश्किलें बढ़ीं



अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर विवाद के घेरे में आ गए हैं। हाल ही में एक विज्ञापन के बाद से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। विज्ञापन में अभिनेता महाराष्ट्र पुलिस अधिकारी की यूनिफॉर्म पहने नजर आ रहे हैं। नवाजुद्दीन लोगों को ऐप पर पोकर खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, एक हिंदू संगठन का दावा है कि यह विज्ञापन महाराष्ट्र पुलिस को जुए से जोड़कर उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता नजर आ रहा है। हिंदू जनजागृति समिति ने मुंबई पुलिस आयुक्त और महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक को एक पत्र भेजकर सिद्दीकी और बिग कैश पोकर के मालिक अंकुर सिंह के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह किया है। नवाजुद्दीन ने अभी तक इस मामले पर कोई बयान जारी नहीं किया है।




# फिर होगा पुष्पा 2-द रूल की रिलीज डेट में बदलाव?

पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म से जुड़ी छोटी सी छोटी जानकारी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अल्लू अर्जुन और फिल्म निर्माता सुकुमार फिल्म की शूटिंग तय समय पर खत्म करने के लिए काफी तेजी से काम कर रहे हैं। पुष्पा 2 का प्रचार शुरू करने की भी तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। वहीं, इस बीच अब फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है। पहले ही फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव किया गया था। अब एक बार फिर ऐसे संभावनाएं लग रही हैं।

## जल्दी दस्तक देगी फिल्म

सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2- द रूल 6 दिसंबर, 2024 को कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हालांकि, ऐसी खबरें हैं कि फिल्म की रिलीज की तारीख में फिर से बदलाव होने की संभावना है, लेकिन इस बार निर्माता सिनेमाघरों जल्दी पहुंचने की योजना बना रहे हैं। अगर रिपोर्ट्स को सच माना जाए तो पुष्पा 2- द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी। आज यानी 24 अक्तूबर को आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। पिछले एक साल में पुष्पा 2- द रूल की रिलीज डेट में कई बदलाव हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं ने गुरुवार 24 अक्तूबर को हैदराबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। कहा जा रहा है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी। पुष्पा 2- द रूल 2024 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म पहले अप्रैल में रिलीज होने वाली थी और फिर इसे 15 अगस्त तक बढ़ा दिया गया। शूटिंग में देरी के कारण, निर्माताओं को फिल्म की रिलीज की तारीख फिर से बदलनी पड़ी।
पुष्पा- द राइज का सीक्वल है फिल्म अगर, पुष्पा 2 की रिलीज टल जाती है तो यह अल्लू अर्जुन के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि उन्हें एक दिन पहले फिल्म देखने को मिलेगी।
सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2- द रूल 2021 की फिल्म पुष्पा- द राइज का सीक्वल है। अल्लू अर्जुन के प्रशंसकों को उन्हें फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए तीन साल का इंतजार करना पड़ा। रिपोर्ट्स के अनुसार, पुष्पा 2 500 करोड़ रुपये के बजट पर बनी सबसे महंगी फिल्मों में से एक है।

## फिल्म के कलाकार

इस एक्शन ड्रामा में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। जगदीश प्रताप बंडारी, जगपति बाबू, प्रकाश राज, अनसूया भारद्वाज, राव रमेश और कई अन्य सहायक कलाकारों का हिस्सा हैं। मैत्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा निर्मित, फिल्म की तकनीकी टीम में सिनेमैटोग्राफर मिरोस्लाव कुबा ब्रोजेक, संपादक नवीन नूली और संगीतकार देवी श्री प्रसाद शामिल हैं।

# शिप में एक्शन सीन शूट करेंगे जूनियर एनटीआर?



जूनियर एनटीआर अपनी फिल्म आरआरआर को लेकर दर्शकों के बीच खूब लोकप्रियता बटोर चुके हैं। अभिनेता की पिछली फिल्म देवरा को भी दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली है।
स्पाई यूनिवर्स की फिल्म वॉर 2 लगातार चर्चा में है, इसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर लीड रोल्स में हैं। ऋतिक का फिल्म में एक ग्रैंड एंट्री सीन होगा, अब जूनियर एनटीआर को लेकर भी ऐसा ही कहा जा रहा है, उनकी एंट्री भी खतरनाक होने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता की एंट्री को शिप पर शूट किया जाएगा, जिसमें जूनियर एनटीआर समुद्री लुटेरों से लड़ते हुए नजर आएंगे। इसके लिए अभिनेता खूब पसीना भी बहा रहे हैं।




## कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स हटाने की तैयारी कर रही मोदी सरकार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय स्थानीय कच्चे तेल के उत्पादन पर लगे अप्रत्याशित लाभ कर को समाप्त करने के फैसला पर विचार कर रहा है। कच्चे तेल पर यह टीए 2022 में उच्च कीमतों के दौरान अत्यधिक मुनाफे को नियंत्रित करने के लिए लागू किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर के मुताबिक चूंकि वैश्विक तेल की कीमतों में अब काफी गिरावट आई है, इसलिए यह कर अब जरूरी नहीं रह गया है। उन्होंने कहा, वित्त मंत्रालय इस पर विचार करेगा। मुझे लगता है कि पेट्रोलियम मंत्रालय ने उन्हें पहले ही पत्र लिखा है। केंद्र सरकार ने एक जुलाई 2022 को वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के जवाब में देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर लागू किया था। यह कदम उन तेल रिफाइनरों के अत्यधिक मुनाफे को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया गया था, जो घरेलू सप्लाई की कीमत पर ईंधन का निर्यात कर रहे थे। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन जैसे रिफाइन्ड प्रोडक्ट पर अतिरिक्त टैक्स भी लगाया गया था। बीती 17 सितंबर को केंद्र सरकार ने कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को शून्य कर दिया था। चीन और अमेरिका में कमजोर मांग की वजह से तेल की कीमतों में गिरावट की उम्मीद बन रही है। वहीं, पश्चिम एशिया में तनाव सीमित दायरे में रहने की संभावना भी जताई जा रही है। जेपी मॉर्गन के अनुसार, 2025 के अंत तक कच्चे तेल की कीमतें 60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक गिर सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण शुरुआत में ब्रेंट क्रूड की कीमत 139.13 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो 2008 के बाद से सबसे अधिक थी। हाल के महीनों में पश्चिम एशिया में तनाव, खासकर इजरायल और अन्य देशों से जुड़े मुद्दों ने अक्टूबर की शुरुआत में तेल की कीमतों को सितंबर के 71 डॉलर से बढ़ाकर 81 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा दिया था।

# सिगरेट, होटल नहीं, खेती-पाती की कमाई में सबसे ज्यादा उछाल... चौंकाने वाला है आईटीसी का रिजल्ट!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटीसी लिमिटेड विविध कारोबार से जुड़ी प्रमुख कंपनी है। गुरुवार को इसने दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2024) के नतीजे घोषित किए। कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 2 प्रतिशत बढ़कर 4,993 करोड़ रुपये हो गया। यह पिछले साल की समान तिमाही में 4,898 करोड़ रुपये था। दिलचस्प यह है कि कंपनी की सबसे ज्यादा ग्रोथ किसी और सेगमेंट के मुकाबले एग्री बिजनेस में रही। एग्री बिजनेस सेगमेंट के रेवेन्यू में 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह ग्रोथ लीफ टोबैको और वैल्यू ऐडेड प्रोडक्टों के कारण हुई।

कंपनी ने बताया कि इस दौरान उसकी परिचालन से आय 15.6 प्रतिशत बढ़कर 22,282 करोड़ रुपये हो गई। यह उम्मीद से कहीं ज्यादा है।इटी नाउ पोल ने 18,068 करोड़ रुपये की आय का अनुमान लगाया था। कंपनी के बोर्ड ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रसेल क्रेडिट से इआइएच लिमिटेड के 1.52 करोड़




शेयर और एचएलवी लिमिटेड के 34.6 लाख शेयर खरीदने को मंजूरी दे दी है।

यह अधिग्रहण इआइएच और एचएलवी में कंपनी की हिस्सेदारी को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है। जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का 6,335 करोड़ रुपये रहा, जबकि मार्जिन 32.8 प्रतिशत दर्ज किया गया।

विभिन्न व्यवसायों के प्रदर्शन की बात करें तो सिगरेट कारोबार से राजस्व 7 प्रतिशत बढ़कर 8,879 करोड़ रुपये हो गया। यह पिछले साल की समान तिमाही में 8,328 करोड़ रुपये था। सिगरेट व्यवसाय से कर पूर्व लाभ 5 प्रतिशत बढ़कर 5,242 करोड़ रुपये हो गया।

एफएमसीजी-अन्य व्यवसाय सेगमेंट ने 5,585 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 5,303 करोड़ रुपये था। इस सेगमेंट का पीबीटी मामूली बढ़कर 444 करोड़ रुपये हो गया। होटल व्यवसाय ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 प्रतिशत की ग्रोथ के साथ 789 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। यह पिछले वर्ष की समान तिमाही में 675 करोड़ रुपये था। हालांकि, इस व्यवसाय का पीबीटी घटकर 117 करोड़ रुपये रह गया। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में 133 करोड़ रुपये था।

### कृषि व्यवसाय के आंकड़े चौंकाने वाले

कृषि व्यवसाय ने 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 447 करोड़ रुपये का पीबीटी दर्ज किया। जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 359 करोड़ रुपये था। इस सेगमेंट का राजस्व 47 प्रतिशत बढ़कर 5,845 करोड़ रुपये हो गया। पेपरबोर्ड सेगमेंट के राजस्व में 2 प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी गई, जबकि पीबीटी में 25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 235 करोड़ रुपये रहा। गुरुवार को हस्थ्र पर आईटीसी का शेयर 2.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 470.7 रुपये पर बंद हुआ था।

## एक मंच पर आए मुकेश अंबानी और जेंसन हुआंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के टॉप रईसों में शामिल मुकेश अंबानी और जेंसन हुआंग गुरुवार को मुंबई में एक मंच पर थे। हुआंग दुनिया का दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी एनवीडिया के सीईओ हैं। मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में एनवीडिया एआई समिट इंडिया चल रहा है। इस दौरान अंबानी और हुआंग ने एआई और भारत के बढ़ते टेक इन्फ्रास्ट्रक्चर समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। 18.5 एकड़ में फैला और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी के दिमाग की उपज है। यह बिजनस, एंटरटेनमेंट, कल्चर और रिटेल का हब है। मुकेश अंबानी ने जब इस सेंटर के बारे में हुआंग तो बताया तो वहां मौजूद लोग अपनी हंसी को नहीं रोक पाए। हुआंग ने जब मुकेश अंबानी को स्टेज पर बुलाया तो उनका परिचय इंडस्ट्री के एक ऐसे अगुआ के रूप में कराया जिसने भारत के डिजिटलीकरण में मदद की। उन्होंने कहा, भारत को हाई टेक और डीप टेक इंडिया बनाने में सबसे ज्यादा योगदान मुकेश ने दिया है। इसका जवाब देते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि वह हुआंग का मुंबई और खासतौर पर जियो वर्ल्ड सेंटर में स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सेंटर को उनकी पत्नी नीता अंबानी ने बनाया है। अंबानी ने कहा, जियो वर्ल्ड सेंटर को मेरी पत्नी ने बनाया है। अगर मैं यह न कहूं की इसे मेरी पत्नी ने बनाया है तो मुझे ऐसा कहने के लिए कहा गया है। इस पर वहां हंसी का ठहाका गूंज उठा। हुआंग ने कहा, आपकी पत्नी का घर आपसे भी बड़ा है। मैं सोचता था कि आपका घर बहुत बड़ा है। मुकेश के हाउस से मैं कैलिफोर्निया में अपना घर देख सकता हूं। उनकी इस बात पर मुकेश अंबानी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। जियो वर्ल्ड सेंटर में धीरूभाई अंबानी स्क्यावर, जियो वर्ल्ड कनवेंशन सेंटर, जियो वर्ल्ड ड्राइव और नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर मौजूद हैं। इसे कई चरणों में विकसित किया जा रहा है।

## ईपीएफओ में बड़े बदलाव का प्लान, ज्यादा बचत की चाहत होगी पूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार कर्मचारियों को राहत देने की तैयारी में है। सरकार जल्द ही वॉलेंट्री प्रोविडेंट फंड (वीपीएफ) में टैक्स-फ्री ब्याज के साथ कॉन्ट्रिब्यूशन की सीमा को बढ़ा सकती है। अभी यह सीमा 2.5 लाख रुपये है। इस सीमा से ज्यादा के निवेश पर मिलने वाला ब्याज टैक्सेबल होता है। श्रम और रोजगार मंत्रालय इस पर विचार कर रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में इस प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय से चर्चा की जा सकती है। इस फैसले का मकसद मध्यम वर्ग के लोगों को ईपीएफओ के जरिए ज्यादा बचत करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे उन्हें अच्छा रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में स्वैच्छिक योगदान पर 2.5 लाख रुपये की सीमा तय की गई थी। इस सीमा से ज्यादा मिलने वाले ब्याज पर टैक्स लगाया जाता है। इससे पहले, ज्यादा कमाई करने वाले लोग इस सुविधा का इस्तेमाल करके बैंक या फिक्स्ड डिपॉजिट से ज्यादा टैक्स-फ्री ब्याज कमा रहे थे। सरकार ने इसे रोकने के लिए ये कदम उठाया था। आमतौर पर, वीपीएफ को टैक्स के मामले में पूरी तरह से छूट प्राप्त है। इसका मतलब है कि योगदान, ब्याज और मैच्योरिटी पर मिलने वाली राशि, तीनों ही टैक्स-फ्री होते हैं। ईपीएफओ वित्त वर्ष 1977-78 से 8 प्रतिशत से ज्यादा ब्याज दे रहा है।

## बादाम की ताकत से दिवाली मनाएं सेहतमंद तरीके से

**मुंबई, एजेंसी।** दिवाली एक ऐसा खूबसूरत त्योहार है, जिसमें लोगरोशनी और खुशियोंके साथ मिलकर जश्न मनाते हैं। लेकिन इस दौरान हममीठी चीजें, तले हुए स्नैक्स और ज्यादा कार्बोहाइड्रेट वाले खानेका थोड़ा ज्यादा आनंद ले लेते हैं। इससेवजन बढ़नेऔरब्लड शुगर बढ़नेका खतरा रहता है। दिवाली के दौरान भी आपसेहत से समझौता किए बिनात्योहार का आनंद उठा सकते हैं। बस कुछपौष्टिक विकल्पअपनाने की जरूरत है।बादामएक ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जिसे आप अपने खाने में शामिल कर सकते हैं।बादाम में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और हेल्दी फैट्स होते हैं, जो आपकीसेहत को बनाए रखते हैं।यह वजन और ब्लड शुगर को नियंत्रितकरने में मददगार होता है। जोश और उत्साह को बनाये रखने के साथ-साथ यह लंबे समय तक भूख को नियंत्रित करने में फायदेमंद।इस दिवाली, पौष्टिक और स्वादिष्टविकल्पों को अपनाकरसेहतमंद तरीके से त्योहारका आनंद लें। बादाम जैसे नट्स न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि आपकीसेहत का भी ख्याल रखते हैं। तो इस बार दिवाली परबादाम के साथ सेहतमंद स्नैकिंगका मजा लें औरखुशियों का त्योहारपूरे जोश के साथ मनाएं! बादाममें ऐसे कई जरूरीपोषक तत्वहोते हैं, जो आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं। इनमेंप्रोटीन, कैल्शियम, जिंक, फाइबर, और मैग्नीशियमजैसे 15 महत्वपूर्ण तत्व शामिल होते हैं। ये पोषक तत्व शरीर को मजबूत बनाने और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

## रिपोर्ट में दावा : मनी लॉन्ड्रिंग डिजिटल अर्थव्यवस्था-ऑनलाइन गेमिंग के लिए खतरा, निपटने के लिए जागरूकता जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मनी लॉन्ड्रिंग तेजी से बढ़ती भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था और ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के लिए बड़ा खतरा है। देश की मजबूत डिजिटल अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि अवैध परिचालकों से निपटने के लिए एक कार्यबल बनाने, वैध संचालकों की श्वेत सूची बनाने, भ्रामक विज्ञापनों से निपटने के साथ वित्तीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के सिद्धांतों पर जोर देने की जरूरत है। इसके अलावा, अन्य महत्वपूर्ण उपायों में जन जागरूकता और शिक्षा प्रदान करना शामिल है, ताकि उपयोगकर्ता सतर्क निर्णय ले सकें। भ्रामक व्यवहार में शामिल ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म से बच सकें। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन के सह- संस्थापक अरविंद गुप्ता ने कहा, अवैध परिचालकों पर अंकुश लगाने के नियामकीय प्रयासों के बावजूद कई मंच मिरर साइट्स, अवैध ब्रांडिंग और असंगत वादों के जरिये प्रतिबंधों को दरकिनार कर देते हैं। यह स्थिति कड़ी निगरानी और प्रवर्तन की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है। इसके अलावा, प्रवर्तन तंत्र की कमी के कारण कुख्यात अपराधियों के खिलाफ छिटपुट कार्रवाई हो रही है।

# 6 लाख महीने का मोह छोड़ा और आज 2 करोड़ मंथली कमाई, किसान के लाल ने किया कमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के एक किसान परिवार से आने वाले डॉक्टर अकरम अहमद ने अपनी मेहनत और लगन से 2 करोड़ रुपये महीने की कमाई करने वाला स्टार्टअप खड़ा किया है। डॉ. अहमद ने 6 लाख रुपये महीने की नौकरी छोड़कर एकेडमिकली ग्लोबल नाम के एडटेक प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। यह मेडिकल प्रोफेशनल्स को विदेश में बेहतर नौकरियों के लिए लाइसेंसिंग परीक्षाओं की तैयारी कराता है। आइए, यहां डॉक्टर अकरम अहमद की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। डॉ. अहमद का सफर काफी संघर्षपूर्ण रहा है। उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव में जन्मे डॉ. अहमद हमेशा से ही फार्मासिस्ट बनकर एक मेडिकल स्टोर खोलना चाहते थे। उनके पिता ने उनकी पढ़ाई में पूरी मदद की और उन्होंने फार्मेसी



में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। अपने विश्वविद्यालय में एक अमेरिकी वक्ता के साथ बातचीत के दौरान डॉ. अहमद को विदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में मौजूद अवसरों के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने विदेश में अवसर तलाशने शुरू कर दिए। जल्द ही उन्हें मलेशिया में फार्मेकोलॉजी लेक्चरर के रूप में अपनी पहली नौकरी मिल गई। डॉ. अहमद ने सिडनी और मलेशिया में काम करते हुए अच्छी कमाई की। सिडनी विश्वविद्यालय से पीएचडी के दौरान उन्होंने देखा कि भारत और अन्य देशों के कई मेडिकल प्रोफेशनल्स बेहतर नौकरी की तलाश में विदेश जाते हैं। लेकिन, लाइसेंसिंग परीक्षाओं और बेहतर करियर के रास्तों की जानकारी न होने के कारण उन्हें छोटी-मोटी नौकरियों में फंसना पड़ता है। सिडनी चिल्ड्रन हॉस्पिटल नेटवर्क में एक शोध प्रबंधक के रूप में काम करते हुए डॉ. अहमद ने यू ट्यूब पर विदेशी मेडिकल नौकरी के अवसरों के लिए परीक्षाओं के बारे में जानकारी साझा करनी शुरू की। इससे उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स मिले। 2022 में डॉ. अहमद ने अपनी 6 लाख रुपये महीने की नौकरी छोड़ दी और एकेडमिकली ग्लोबल की शुरुआत की। यह सिडनी और भारत में स्थित एक हेल्थकेयर एडटेक प्लेटफॉर्म है, जो मेडिकल प्रोफेशनल्स को विदेश में हाई-पेमेंट जॉब्स के लिए लाइसेंसिंग परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए कोर्स प्रदान करता है। लगभग 50,000 डॉलर के निवेश के साथ शुरू हुए एकेडमिकली ग्लोबल के आवेदकों में नाटकीय रूप से बढ़ोतरी देखी गई। आज यह एडटेक प्लेटफॉर्म 75 देशों के छात्रों को लाइसेंसिंग परीक्षाओं को पास करने में मदद करता है। यह एडटेक प्लेटफॉर्म स्टार्टअप हर महीने 2 करोड़ रुपये की कमाई भी कर रहा है। डॉ. अकरम अहमद यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, प्रत्येक छात्र को सफल होने का अवसर मिलें।

# दिवाली से पहले एलन मस्क पर लक्ष्मी मेहरबान! एक झटके में कमाए 33.5 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में गुरुवार को 33.5 अरब डॉलर यानी करीब 28,16,49,74,25,000 रुपये की उछाल आई। इसके साथ ही मस्क की नेटवर्थ 270 अरब डॉलर पहुंच गई है। इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में 22 फीसदी तेजी आई और यह 2013 के बाद उसका एक दिन में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा। तीसरी तिमाही के रिजल्ट के बाद कंपनी के शेयरों में तेजी आई। मस्क की इस कंपनी में 13 फीसदी हिस्सेदारी है। मस्क की नेटवर्थ में टेस्ला की हिस्सेदारी करीब तीन-चौथाई है। टेस्ला के अलावा उनकी स्पेसएक्स, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, एआई वेंचर ҳढ्ढ में भी हिस्सेदारी है। इस साल मस्क की नेटवर्थ में 41.2 अरब डॉलर की तेजी आई है।




दुनिया के अमीरों की लिस्ट में ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 209 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग (201 अरब डॉलर) इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 72.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस साल सबसे ज्यादा कमाई के मामले में एनवीडिया के जेंसन हुआंग सबसे आगे हैं। उनकी नेटवर्थ इस साल 78.6 अरब डॉलर बढ़ी है। वह 123 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं।

### अंबानी-अडानी का हाल

इस बीच भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी पर 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 13.2 करोड़ डॉलर की तेजी आई। वह 101 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर खिसक गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 4.90 अरब डॉलर की तेजी आई है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 93.5 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 18वें नंबर पर हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 76.3 करोड़ डॉलर की तेजी आई। इस साल उनकी नेटवर्थ 9.2 अरब डॉलर की तेजी आई है।

## दिवाली तक गिफ्ट पर खर्च होंगे 1.85 लाख करोड़, दावा- ऑनलाइन खरीदारी में हो रही दोगुनी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी सीजन में उपहारों का लेनदेन सर्वाधिक रहने की उम्मीद है। इसका असर बिक्री के आंकड़ों पर भी दिख रहा है। लोकलसर्किल्स के सर्वे के मुताबिक, दिवाली तक सिर्फ शहरी भारतीय चॉकलेट, बेकरी, मिठाइयों और अन्य उपहारों की खरीदारी 1.85 लाख करोड़ रुपये खर्च करेंगे। सितंबर से अब तक लोग 1.2 लाख करोड़ के उपहार खरीद चुके हैं। इसके साथ ही सर्वे में दावा किया गया है कि दुकान से उपहार खरीदने के साथऑनलाइन खरीदारी में भी तेजी दिख रही है। त्योहारी ऑफर की वजह से 36 फीसदी लोग ऑनलाइन उपहार खरीद रहे हैं। यह सर्वे 314 जिलों के 31,000 शहरी परिवारों से बातचीत पर आधारित है। उपहार खरीदने की आदतों पर सर्वे में कहा गया है कि 53 फीसदी शहरी लोग स्थानीय बाजारों में जाकर खुद जाकर गिफ्ट खरीदते हैं। वहीं, 21 फीसदी लोग ऑनलाइन खरीदारी करते हैं। हालांकि, दोनों अपने-अपने रिश्तेदारों या दोस्तों के घर खुद जाकर उपहार देना पसंद करते हैं। सिर्फ 15 फीसदी लोग ही ऑनलाइन खरीदारी कर रिश्तेदारों या दोस्तों के घर के पते पर डिलीवरी करा रहे हैं।

# महंगाई की कड़ाही में सबसे ज्यादा उबल रहा सरसों तेल, आलू, प्याज और टमाटर भी उछले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महंगाई की कड़ाही में सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली तेल तो उबल ही रहे हैं, आलू, प्याज और टमाटर भी उछल रहे हैं। बीते दो महीनों में इनकी औसत कीमतों में 20 रुपये प्रति किलोग्राम तक की वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा सरसों तेल में करीब 25 रुपये प्रति किलोग्राम तक की वृद्धि हुई है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी मासिक रिपोर्ट में उन उत्पादों का विशेष तौर पर उल्लेख किया गया है, जिनकी कीमतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिली है। रिपोर्ट बताती है कि सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली तेल की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। देश में अधिकांश घरों में खाना बनाने के लिए सरसों और मूंगफली



के तेल का इस्तेमाल होता है। इसके बाद सूरजमुखी के तेल का नंबर आता है। कीमतों में उछाल से साफ है कि इनका असर रसोई के बजट पर भी पड़ रहा है। रिपोर्ट से पता चलता है कि अगस्त से सितंबर के बीच कीमतों में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई है।

अक्तूबर 2022 में सरजमूखी और सरसों तेल की कीमतें करीब 175 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंची थी और मूंगफली का तेल भी 190 रुपये रुपये के स्तर पर था लेकिन दो वर्ष के बाद सरसों तेल अक्तूबर 2022 के स्तर पर पहुंच गया है तो वहीं मूंगफली का तेल भी अब करीब 200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। खाद्य तेल के साथ ही रिपोर्ट में उन सब्जियों का भी जिक्र किया गया है, जिनकी कीमतें बीते कुछ महीनों में सबसे ज्यादा बढ़ी हैं। अगस्त से अक्तूबर के बीच आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में काफी तेजी आई है। प्याज की कीमतों में अक्तूबर 2023 के बाद सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली है। अक्तूबर 2023 में प्याज की कीमत 100 रुपये तक पहुंची थी और अब एक बार फिर से सितंबर और अक्तूबर के बीच उस आंकड़े को छुआ है। जबकि टमाटर की कीमतें जुलाई-अगस्त 2023 के बाद नए स्तर पर पहुंची है। उस वक्त टमाटर की कीमतें देश के कई हिस्सों में 100 रुपये के पार चली गई थीं और अब सितंबर-अक्तूबर में भी उसी रिकॉर्ड स्तर तक पहुंची हैं।

## दिग्गज कोचिंग संस्थान की झोली में आया यह वेंचर, अब कंपनी के शेयर पर रहेगी नजर

कोचिंग संस्थान अरिहंत अकादमी ने 17 करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर जेन एजुकेशनल एंड लर्निंग (जेडईएएल अकादमी) के 51 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। अब सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को अरिहंत अकादमी के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। बता दें कि यह एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध कंपनी है। अरिहंत अकादमी ने कहा कि अधिग्रहण से कंपनी को मुंबई महानगर क्षेत्र में अपने एजुकेशनल पोर्टफोलियो का विस्तार करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही शीर्ष पायदान की शिक्षण पद्धति के साथ छात्रों का बड़ा आधार हासिल करने में भी मदद मिल सकेगी।



प्रातः किरण राष्ट्रीय दैनिक
स्पोर्ट्स
नई दिल्ली, शनिवार, 26 अक्टूबर, 2024



## जायसवाल ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

### कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले सबसे युवा भारतीय बने

**पुणे (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शुक्रवार को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन एक कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए।

22 वर्षीय बल्लेबाज ने दिलीप वेंगसरकर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा जिन्होंने 1979 में




23 साल की उम्र में 1000 रन का आंकड़ा छुआ था। वर्तमान में जायसवाल 2024 में सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वालों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 14 मैचों में 1305 रन बनाए हैं।

इस साल जायसवाल के फॉर्म ने उन्हें सिर्फ 10 मैचों में 59.23 की औसत से 1007 रन बनाते हुए देखा है जिसमें दो शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। 2024 में तीन और टेस्ट मैच बचे हैं ऐसे में उनके पास भारतीय दिग्गजों द्वारा बनाए गए कुछ सबसे बड़े रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है। सबसे खास बात यह है कि एक कैलेंडर वर्ष में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 2010 में 14 मैचों में 1562 रन बनाए थे। वीरेंद्र सहवाग के 2008 में बनाए गए 1462 रन एक साल में किसी भारतीय ओपनर द्वारा बनाए गए सबसे ज़्यादा रन हैं।

## दूसरे टेस्ट में रोहित के आउट पर बोले कार्तिक

### उन्होंने गेंद को बहुत खराब तरीके से खेला

**पुणे (एजेंसी)।** दिनेश कार्तिक ने कहा कि रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टिम साउथी का सामना करते हुए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। गुरुवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में रोहित रन नहीं बना पाए। रोहित साउथी की गेंद पर 14 बार आउट हुए हैं जो दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा के साथ किसी भी



गेंदबाज द्वारा संयुक्त रूप से सबसे अधिक है। टेस्ट में रोहित को चार बार आउट करने वाले कीवी गेंदबाज भारतीय कप्तान को आउट करने की कला जानते हैं।

कार्तिक ने कहा, गेंद थोड़ी स्विंग कर रही थी और साउथी ने कई बार उनका शिकार किया है। अगर आप मुझे आंकड़ों में बताना चाहते हैं, तो उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 14 बार उन्हें आउट किया है। शायद रोहित पर उनका पलड़ा थोड़ा भारी है। इसलिए उन्हें पता है कि वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें रोहित उतना पसंद नहीं करते, इसलिए बल्लेबाज बस अपना समय ले रहा था। वह रक्षात्मक होकर खेल रहे थे। कार्तिक ने कहा कि रोहित को गेंद को उस तरह से नहीं खेलना चाहिए था। इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले कार्तिक ने कहा कि साउथी की गेंद का सामना करने के लिए रोहित की रक्षात्मक तकनीक वैसी नहीं थी जैसी होनी चाहिए थी। कार्तिक ने कहा, साउदी के लिए यह एक स्टॉक, मानक गेंद थी।

पुणे टेस्ट

# न्यूजीलैंड की बढ़त 301 रन

## दूसरे दिन स्कोर 198/5, सुंदर ने 4 विकेट लिए



- **भारत पहली पारी में 156 पर ऑलआउट**

**पुणे (एजेंसी)।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट की पहली पारी में 156 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम पहली पारी के बाद 103 रन से पिछड़ गई। शुक्रवार को टीम इंडिया ने 16/1 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 140 रन बनाने में आखिरी 9 विकेट गंवा दिए।

फिलहाल, तीसरे सेशन का खेल जारी है। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 198 रन बना लिए हैं। टीम की कुल बढ़त 301 रन हो चुकी है। टॉम ब्लंडेल और ग्लेन फिलिप्स क्रीज पर हैं।

टॉम लैथम 86 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वॉशिंगटन सुंदर ने एलबी किया। उन्होंने डेरिल मिचेल (18 रन), रचिन रवींद्र (9 रन), डेवोन कॉन्वे (17 रन) को भी आउट किया। विल यंग (23 रन) अश्विन का शिकार बने।

भारतीय पारी में रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने 30-30 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर ने 7 विकेट झटके। ग्लेन फिलिप्स को 2 विकेट मिले। टिम साउदी के खाते में एक विकेट आया।

गुरुवार को टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे। टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत** - रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड**- टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉन्वे, विल यंग, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, टिम साउदी, मिचेल सैंटनर, एजाज पटेल, विलियम ओरूर्क।

रावलपिंडी टेस्ट

# लंच तक पाकिस्तान का स्कोर 187/7

## सऊद शकील की फिफ्टी, रेहान को 3 विकेट, इंग्लैंड ने पहली पारी में 267 रन बनाए

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** रावलपिंडी में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील ने शतक जड़ दिया है। उनका टेस्ट में यह चौथा शतक है। वहीं पाकिस्तान ने पहली पारी में 8 विकेट खोकर 270 के पार पहुंच गया है। नोमान अली के साथ आठवें विकेट लिए 151 गेंदों पर 88 रन



की पार्टनरशिप की। नोमान अली 84 गेंदों का सामना कर 45 रन बना कर आउट हो गए।

शुक्रवार को पाकिस्तान ने अपने कल के स्कोर 73/3 से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान शान मसूद को 26 रन पर शोएब बशीर ने आउट किया। अभी टीम इंग्लैंड के स्कोर से 80 रन पीछे है।

इंग्लैंड की तरफ से रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए। शोएब बशीर को 2 और गस एटकिंसन, जैक लीच को 1-1 विकेट मिला। फिलहाल, पहले सेशन का खेल जारी है।

यूरोपियन क्लब कप शतरंज

# गुकेश की अप्रत्याशित हार, अर्जुन ने खेला ड्रॉ

**बनयाह , सर्बिया (एजेंसी)।** यूरोपियन क्लब शतरंज कप 2024 का चौंथा राउंड भारतीय नजरिए से अच्छा नहीं बीटा और विश्व शतरंज चैम्पियन बनने के करीब खड़े भारत के डी गुकेश को बीते कई माह में पहली बार हार का सामना करना पड़ा जबकि अर्जुन एरिगासी को अभी 2800 अंको के लिए और इंतजार करना होगा क्यूंकी उन्हे भी अपनी बाजी ड्रॉ खेलनी पड़ी है। चौंथे राउंड में लगातार जीत के रथ पर सवार शीर्ष वरीय सुपर चैस क्लब को पाँचवीं वरीय टीम टर्किश एयरलाइन्स से 4-2 की हार का सामना करना पड़ा । सुपर चैस के पहले बोर्ड से खेल रहे डी गुकेश को रूस के दिमित्री आन्द्रेकिन से हार का सामना करना पड़ा है । दिमित्री के खिलाफ गुकेश ड्रॉ के बेहद करीब थे पर काले मोहरो से खेल रहे गुकेश समय के दबाव में अंतिम समय में राजा की एक गलत चाल चल गए और लंबे समय बाद कोई मुक़ाबला हार गए , इस हार के कारण अब गुकेश लाइव रेटिंग में 2788 अंको पर पहुँच गए है । तीसरे बोर्ड पर प्रज्ञानन्दा को भी अमीन ताबतबाई से



हार का सामना करना पड़ा ।

वहीं दूसरे बोर्ड पर अर्जुन एरिगासी के नेतृत्व वाली अलकलोइड टीम नें ताजफ़ून टीम को 3.5-2.5 से पराजित करते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया , हालांकि अर्जुन को अलेक्ज़ेंडर प्रेडके नें ड्रॉ पर रोका और लाइव रेटिंग में अर्जुन अब 2798 अंक पर है और उन्हे 2800 अंक छूने के लिए अभी और इंतजार करना होगा ।

# ऑस्ट्रेलिया वनडे-कप में 1 रन बनाने में 8 विकेट गंवाए

## वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के 6 बल्लेबाज शून्य पर आउट, तस्मानिया के खिलाफ 53 रन पर सिमटी

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के डोमेस्टिक वन-डे कप टूर्नामेंट में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। टीम ने 1 रन बनाने में 8 विकेट गंवा दिए।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के बीच पर्थ के वाका ग्राउंड में खेले गए मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय 2 विकेट के नुकसान पर 52 रन बना चुकी थी, लेकिन 53 रन के स्कोर पर पूरी टीम सिमट गई। आखिरी के 7 बल्लेबाज खाता तक न खोल सके।

**टीम के 6 बल्लेबाज शून्य पर आउट-** इस मुकाबले में तस्मानिया की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अरोन हार्डी और डार्सी शॉर्ट ने पारी की शुरुआत की। टीम का पहला विकेट आरोन हार्डी 7 रन के रूप में 10 रन पर गिरा। इसके बाद कैमरून बैनक्रॉफ्ट और डार्सी शॉर्ट ने पारी को संभाला। लेकिन 22 के स्कोर पर शॉर्ट आउट हुए।इस समय टीम का स्कोर 45 रन था। इसके बाद कैमरून बैंनक्रॉफ्ट 14 और विकेटकीपर जोश इंग्लिश 1 रन पर आउट हो गए।

स्कोर में 7 रन और जुड़े थे कि वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 52 रनों पर पहुंचने के बाद अपने 5 विकेट और गंवा दिए जिससे 52 के स्कोर तक टीम के 7 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए थे।



इस स्कोर में एक रन और जुड़ने के बाद 53 के स्कोर पर पूरी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम पवेलियन लौट गई। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया टीम की पारी के आखिरी के 7 बल्लेबाज अपना खाता भी खोलने में कामयाब नहीं हो सके, जिसमें कप्तान एश्टन एगर और कूपर कोनोली का नाम भी शामिल है।

**ब्यू वेबस्टर ने छह विकेट लिए-** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया टीम की पारी को सिर्फ 53 के स्कोर पर समेटने में तस्मानिया टीम के गेंदबाज ब्यू वेबस्टर ने 6 ओवर्स में 2 मेडन फेंकने के साथ 17 रन दिए और छह विकेट अपने नाम किए।

इसके अलावा बिली स्टेनलेक ने 3 जबकि टॉम रोजर्स ने 1 विकेट अपने नाम किया। वहीं तस्मानिया की टीम ने 54 रनों के टारगेट को सिर्फ 8.3 ओवर्स में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। तस्मानिया की तरफ से मिचेल ओवेन ने 29 और मैथ्यू वेड ने 21 रन बनाए।

# डेविड वॉर्नर को बड़ी राहत, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कप्तानी करने पर लगा प्रतिबंध हटाया

**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पूर्व बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर आजीवन नेतृत्व प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा लिया। 2018 बॉल-टैम्परिंग स्कैंडल में (सैंडपेपर गेट) तत्कालीन ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ उप-कप्तान डेविड वॉर्नर और बल्लेबाज कैमरन बैनक्रॉफ्ट को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दौरान बॉल-टैम्परिंग में शामिल होने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से भारी प्रतिबंध मिले थे। लगाए गए प्रतिबंधों में वॉर्नर पर नेतृत्व प्रतिबंध भी शामिल था। स्मिथ और वॉर्नर दोनों को एक साल के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से भी प्रतिबंधित कर दिया गया था।

शुक्रवार को जारी एक बयान में सीए ने कहा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के आचरण आयोग ने



डेविड वॉर्नर पर आजीवन नेतृत्व प्रतिबंध को तुरंत प्रभाव से संशोधित किया है। एक सर्वसम्मत निर्णय में स्वतंत्र तीन-सदस्यीय समीक्षा पैनल ने निर्धारित किया कि वॉर्नर ने प्रतिबंध हटाने के लिए आवश्यक मानदंडों को पूरा किया था। अपने निर्णय में पैनल ने कहा कि उनके (वार्नर के) जवाबों का सम्मानजनक और पश्चातापपूर्ण लहजा, साथ ही विषय-वस्तु ने समीक्षा पैनल को प्रभावित किया और सर्वसम्मति से इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि वे आचरण के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करने और अपने बयान में ईमानदार और सच्चे थे कि उन्हें अपने आचरण के लिए पछतावा है।

पैनल ने उन संदर्भों पर भी विचार किया जिनमें वार्नर ने ऑस्ट्रेलिया में युवा क्रिकेटरों के विकास में जो योगदान दिया है और भविष्य में दे सकते हैं। वार्नर द्वारा 2018 में लगाए गए प्रतिबंध को आचार संहिता के अनुच्छेद 10 के अनुसार संशोधित करने के लिए आवेदन दायर करने के बाद सुनवाई हुई। वार्नर अब बिग बैश लीग (बीबीएल) सहित सभी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रतियोगिताओं में नेतृत्व की भूमिका निभाने के पात्र होंगे, जहां वे सिडनी थंडर के लिए खेलते हैं।

# हमारे 2 महीने अच्छे नहीं रहे लेकिन अब जीत से शुरूआत करना अच्छा : स्मृति मंधाना



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में जीत के बाद अपनी टीम की सराहना की। उन्होंने भारत की गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण प्रयासों को उम्दा बताया और साथ ही कहा कि हम कठिन दौर से वापस आए हैं। ऐसे में यह जीत अच्छी है। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में भारत का महिला टी 20 विश्व कप अभियान ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया था जब सोफी डिवाइन की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम ने भारत को 58 रन से हराकर सेमीफाइनल की रेस से बाहर कर दिया था। हालांकि, विश्व कप के बाद वनडे सीरीज की शुरूआत में डिवाइन की टीम वह कारनामा नहीं दोहरा पाई। 228 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने में न्यूजीलैंड की टीम चूक गई और 59 रनों से मैच गंवा दिया।

# रावलपिंडी से पुणे तक, स्पिनरों ने पिच पर किया राज, नए रिकॉर्ड, मील के पत्थर और यादें बनाईं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच चल रहे दूसरे टेस्ट मैच और रावलपिंडी में पाकिस्तान-इंग्लैंड तीसरे टेस्ट के दौरान शुरुआती दिनों में स्पिन का दबदबा देखने को मिला जिसमें स्पिनरों ने 'पिंडी से पुणे' तक नए रिकॉर्ड, मील के पत्थर और यादें बनाईं।

न्यूजीलैंड और भारत के बीच दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने स्पिन के अनुकूल सतह पर वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन के रूप में तीन फ्रंटलाइन स्पिनरों का संयोजन चुना जिसमें तीनों ने अपनी गेंदबाजी में भी असाधारण गुणवत्ता दिखाई। जनवरी 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन के गाबा में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के बाद तीन साल से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट खेल रहे वाशिंगटन को शामिल करने के कदम ने सवाल खड़े किए, क्योंकि उन्हें स्पिनर के रूप में अधिक निपुण और वरिष्ठ खिलाड़ी कुलदीप यादव पर तरजीह दी गई जिन्हें बल्लेबाज के रूप में अश्विन-जडेजा की क्षमताओं के कारण टेस्ट मैचों के दौरान अक्सर बाहर बैठना पड़ा है।

जब कीवी टीम 197/3 पर थी, रचिन रवींद्र एक और शतक के लिए तैयार दिख रहे थे और केवल रविचंद्रन अश्विन ने कीवी पारी में कुछ उल्लेखनीय, लेकिन बहुत प्रभावशाली विकेट लिए थे, तो कुलदीप की मैदान से अनुपस्थिति के बारे में बहुत कुछ कहा जा रहा था। हालांकि, वाशिंगटन ने गेंद के साथ अपने शानदार मूवमेंट के साथ अगले 7 विकेट लिए।



उन्होंने पहली पारी में कीवी टीम को 197/3 से 259 पर ऑल आउट कर दिया।

वाशिंगटन ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट आंकड़े और अपना पहला टेस्ट फाइवर (पारी में पांच विकेट) लिया। तमिलनाडु के दो स्टार खिलाड़ी अश्विन और उन्होंने मिलकर पहले दिन कीवी टीम के सभी 10 विकेट चटकाए जिससे भारत में टेस्ट के पहले दिन स्पिनरों द्वारा सभी दस विकेट हासिल करने का यह छठा मौका बन गया। सुंदर ने अपने स्पेल में पांच बल्लेबाजों को क्लीन बोल्ड किया जिसमें रचिन, टॉम ब्लंडेल, मिशेल सेंटनर, टिम साउथी और एजाज पटेल शामिल थे। वह जडेजा, अनिल कुंबले, जसुभाई पटेल और बापू नाडकर्णी जैसे स्टार और पुराने खिलाड़ियों के साथ भारत में टेस्ट पारी के दौरान सबसे ज्यादा 'बोल्ड' आउट करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए।

सुंदर के आंकड़े टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी भारतीय द्वारा बनाए गए तीसरे सर्वश्रेष्ठ और 21वीं सदी में अश्विन के साथ संयुक्त सर्वश्रेष्ठ थे। स्पिनर श्रीनिवासराघवन वेंकटराघवन, जो तमिलनाडु के लिए भी खेलते थे, ने 1965 में दिल्ली में कीवी के खिलाफ 8/72 के सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ आंकड़े दर्ज किए थे, इसके बाद 1975 में ऑकलैंड में इरापल्ली प्रसन्ना के 8/76 थे। अश्विन ने नाथन लियोन को भी पछाड़ दिया और आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सिर्फ 39 मैचों में 189 विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए जबकि ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज नाथन लियोन ने 43 मैचों में 187 विकेट लिए थे। उन्होंने 531 विकेट लेकर टेस्ट के सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने के लिए लियोन (530 विकेट) को भी पीछे छोड़ दिया।

